दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
● नई दिल्ली । बुधवार 25 दिसंबर-2024 ● वर्ष : 10 अंक : 5 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3




## जनरल वीके सिंह बने मिजोरम के नए गवर्नर

### केरल और बिहार में राज्यपालों की अदलाबदली



**नई दिल्ली।** देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कुछ राज्यों में नए राज्यपालों की नियुक्ति कर दी है। इस सिलसिले में रिटायर्ड जनरल वीके सिंह को मिजोरम का राज्यपाल नियुक्त किया गया है।

पूर्व गृह सचिव अजय कुमार भल्ला को मणिपुर का नया राज्यपाल नियुक्त किया गया है। राष्ट्रपति भवन से जारी हुए आदेश के मुताबिक मिजोरम के राज्यपाल डॉ. हरि बाबू कंभमपति को ओडिशा का राज्यपाल नियुक्त किया गया है। राष्ट्रपति ने ओडिशा के राज्यपाल के रूप में कार्यरत रघुबर दास का इस्तीफा स्वीकार करते हुए नए राज्यपालों की नियुक्ति की मंजूरी दी है। बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर को केरल का राज्यपाल नियुक्त किया गया है। वहीं केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान को बिहार में राज्यपाल नियुक्त किया गया है। आपको बताते चलें कि इन नियुक्तियों का कार्यभार संभालने की तिथि संबंधित राज्यपालों के पदभार ग्रहण करने के बाद से प्रभावी होगी। आपको बताते चलें कि रिटायर्ड जनरल वीके सिंह को दुनिया जानती है। जिन्हें सेवेन सिस्टर्स में से एक अहम राज्य मिजोरम का राज्यपाल बनाया गया है। वहीं माना जा रहा है कि पूर्व आईएएस अधिकारी और फॉर्मर होम सेक्रेट्री अजय कुमार भल्ला जिनकी गिनती तेजतर्रार अफसरों में रही है, उनके प्रशासनिक अनुभव को देखते हुए उन्हें मणिपुर जैसे संवेदनशील राज्य में तैनाती दी गई है।

# विकसित गाजियाबाद को लेकर हुई खूब बात

## जब गाजियाबाद के वर्तमान और पूर्व डीएम बैठे एक साथ

### सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी विमल कुमार शर्मा रहे कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद, डीएम इन्द्रविक्रम सिंह ने किया स्वागत









**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** ऐसे पल बहुत ही कम आते हैं जब गाजियाबाद जिला प्रशासन ने कोई रिटायर्ड आईएएस अधिकारी एवं जनपद के जिलाधिकारी के तौर पर कमान संभालने वाला व्यक्ति वापस उसी स्थल पर आए। वहां पर आकर अपने विचार रखें। अतीत की बातों का जिक्र करें। मौजूदा हालातों की फिक्र करें।

कुछ ऐसा ही नजारा जिला मुख्यालय में उस वक्त दिखाई दिया जब भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जनशताब्दी के उपलक्ष्य में मुख्यालय में कार्यक्रम आयोजित हुआ। ये कार्यक्रम प्रशासन सप्ताह के रूप में प्रशासन सेलीब्रेट कर रहा है। कार्यक्रम की थीम 'प्रशासन गांव की ओर' रही।

जिसकी अध्यक्षता जिलाधिकारी इंद्रविक्रम सिंह ने की। खास बात ये रही कि इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उस व्यक्तित्व को बनाया गया जिन्होंने कभी गाजियाबाद जिले की कमान जिलाधिकारी के तौर पर बहुत ही शानदार तरीके से संभाली थी। अपनी वर्किंग की छाप उन्होंने उस वक्त अपने अधिनस्थ अधिकारियों, कर्मचारियों और स्थानीय निवासियों में छोड़ी थी।

'प्रशासन गांव की ओर' कार्यक्रम के तहत मुख्य अतिथि रिटायर्ड आईएएस अधिकारी विमल कुमार शर्मा ने गांव से आए प्रार्थियों से मुलाकात की और उनकी समस्या का मौके पर ही निस्तारण कराया। दुर्गावती सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जनपद को प्रदूषणमुक्त, हरित, स्वच्छ, शुद्ध जल व पर्यावरण, औद्योगिक विकास, डिजीटल गाजियाबाद जैसे विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई।

कार्यक्रम में संबंधित विभागों द्वारा अपनी तैयारियों से विकसित गाजियाबाद @ 2047 की तैयारियों से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी प्रशासन रणविजय सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

### 10 वर्ष पूर्व गाजियाबाद लगता था गांव अब बन गया है सुंदर शहर : विमल कुमार शर्मा

**करंट क्राइम।** कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए विमल कुमार शर्मा ने विकसित गाजियाबाद @ 2047 पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि आज से दस वर्ष पूर्व तक ये जनपद एक गांव सा लगाता था लेकिन आप लोगों की लगन और मेहनत से ये जनपद सुंदर शहर बन गया है। हर किसी के कार्यक्षेत्र में चुनौतियां रहती हैं मगर ये आप पर निर्भर करता है कि आप इन चुनौतियों से लड़ते हुए किस प्रकार अपने कार्यों को अंजाम देते हैं। विमल कुमार शर्मा ने इस मौके पर जिलाधिकारी इंद्रविक्रम सिंह का आभार प्रकट किया।




### जिस दिन मेज के इस पार और उस पार का अंतर समाप्त हो जाएगा उस दिन इंसानियत की भावना उजागर होगी : जिलाधिकारी इंद्रविक्रम सिंह

**करंट क्राइम।** कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी इंद्रविक्रम सिंह ने कहा कि पूरा देश सुशासन सप्ताह मना रहा है। इसको फलीभूत करने के लिये हम सबका आम जनमानस से मिलना बहुत जरूरी है। सभी को स्वयं में सकारात्मक बदलाव लाना चाहिए। अभी भी मेज के इस पार और उस पार में अतर समझा जाता है। जिस दिन इस अंतर को समाप्त करते हुए सभी में इंसानियत की भावना उजागर होगी उस दिन से कोई भी पीड़ित नहीं होगा। इसलिए हमें अधिकारी और कर्मचारी की भावना से बाहर आकर इंसानियत का भाव रखना चाहिए। जिस प्रकार एक घर को संपन्न बनाने में उसके घर के प्रत्येक सदस्य की अहम भूमिका होती है उसी प्रकार जनपद को स्वच्छ संपन्न और विकसित बनाने में प्रत्येक नागरिक की भूमिका होती है।





### मुख्य विकास अधिकारी अभिवन गोपाल ने रखा विकसित गाजियाबाद का विजन



**करंट क्राइम।** कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी अभिवन गोपाल ने विकसित गाजियाबाद @ 2047 का विजन रखते हुए कहा कि हमें गाजियाबाद को 2047 तक विकसित जनपद बनाना है। जिसके लिये लगातार विचार विमर्श किया जा रहा है। इस संबंध में स्वास्थ्य सेवाएं, पर्यावरण, जल संरक्षण, पौधारोपण, हरित व स्वच्छ गाजियाबाद, औद्योगिकरण, डिजिटिलीकरण, स्मार्ट सिटी, टैक्नोलोजी सहित विभिन्न बिंदुओं पर विचार किया जा रहा है। आने वाले दिनों में इस मुहिम में बेहतर कार्य करते हुए गाजियाबाद को ईको फ्रेंडली विकसित जनपद बनाया जाएगा।



# संयुक्त प्रेसवार्ता में क्षत्रिय समाज ने प्रकट किया अपना आक्रोश, कहा

## जनरल वीके सिंह का टिकट क्यों काटा, समाज की अनदेखी का लगाया भाजपा पर आरोप

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** दैनिक करंट क्राइम ने अपने मंगलवार 24 दिसंबर के अंक में संकेत दिये थे कि क्षत्रिय समाज अपनी अनदेखी को लेकर भाजपा के खिलाफ आक्रोशित है। वह प्रेसवार्ता करके मंगलवार को अपना पक्ष रखेगा।

मंगलवार को नवयुग मार्किट में समाज के विभिन्न संग्ठनों के बैनर पर एक महत्वपूर्ण प्रेसवार्ता आयोजित हुई जिसमें समाज के प्रमुख चेहरों ने अपने विचार रखें।




प्रेसवार्ता में सबसे पहले विरोध इस बात पर दर्ज कराया गया कि लोकसभा चुनाव में क्यों रिटायर्ड जनरल वीके सिंह का टिकट काटा गया।

समाज के लोगों का कहना था कि टिकट कटने की वजह से हमारे संपूर्ण समाज में आक्रोश था। बावजूद इसके हमने मिलकर भाजपा को मजबूती से चुनाव लड़ाया। भाजपा को भारी मतों से विजयी बनाया। हमारी विचारधारा भाजपा के प्रति समर्पित है, लेकिन हम लंबे समय से देख रहे हैं कि समाज का प्रतिनिधित्व भाजपा में धीरे-धीरे शून्य हो रहा है।

गाजियाबाद जनपद से लेकर हर जिले में हमें किनारे पर किया जा रहा है। विभिन्न संगठनों के अध्यक्षों का आरोप था कि हम भाजपा के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहते है। बावजूद इसके हमें सांसद, विधायक, एमएलसी व संगठन के किसी भी मजबूत पद पर तरजीह नहीं दी जा रही है। वार्ता में अखिल भारतीय क्षत्रिय सभा गाजियाबाद, अखण्ड राजपुताना सेवा संगठन, राजपूत कल्याण संघ, क्षत्रिय सेवा संघ, मदी क्षेत्र राजपूत सभा के साथ साहिबाबाद, विजयनगर, नंदग्राम, गोविंदपुरम से आए राजपूत समाज के चेहरे मौजूद थे।

### हमारे समाज ने एकजुट होकर संजीव शर्मा को दिलाई है जीत

**करंट क्राइम।** क्षत्रिय समाज का कहना था कि हमें पूरी उम्मीद थी कि भाजपा लोकसभा चुनाव के बाद रिक्त हुई शहर विधानसभा की सीट पर होने वाले उपचुनाव में किसी क्षत्रिय चेहरे को मैदान में उतारेगी मगर यहां पर पार्टी ने महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा को टिकट दिया। बावजूद इसके किसी भी तरह का विरोध प्रकट करने के बजाय समाज ने पूरी मजबूती से एकजुट होकर संजीव शर्मा को चुनाव लड़ाया और विजयी बनाया।

### क्षत्रिय समाज के किसी भी व्यक्ति को बनाया जाए महानगर अध्यक्ष

**करंट क्राइम।** क्षत्रिय समाज की प्रेसवार्ता में प्रमुखता से इस बात पर मांग उठी कि आगामी होने वाले संगठन परिवर्तन में पार्टी में भाजपा अपनी अनदेखी की भरपाई करे। क्षत्रिय समाज के ही किसी व्यक्ति को महानगर अध्यक्ष बनाया जाए। समाज के लोगों का कहना था कि इस बात की मांग हम पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से भी करेंगे। समाज का एक प्रतिनिधिमंडल पार्टी के प्रमुख नेताओं से भी मिलकर अपनी बात रखेगा। वार्ता में प्रमुख रूप से केपी सिंह, रामबीर सिंह रावल, प्रमोद शिशौदिया, अरुण सिंह बघेल, बिजेंद्र भाटी, वीरपाल चौहान, राकेश चौहान, विराट सिंह, सत्यवीर सिंह गहलौत, संजय चौहान, रोहित चौहान, प्रदीप शिशौदिया, देवपाल सिंह, राजकुमार सिंह, अंकुर तोमर, अरुण पुंढीर, सुनील प्रताप सिंह, सुखवीर सिंह राघव प्रमुखता से मौजूद थे।

### समझ से परे है शहर सीट से ब्राह्मण चेहरे को टिकट देना: रामदेव रावल



**करंट क्राइम।** वार्ता में समाज के वरिष्ठ चेहरे रामदेव सिंह रावल ने पूरी प्रखरता से अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि जब साहिबाबाद से भाजपा ने ब्राह्मण चेहरे को विधायक होने के साथ-साथ प्रदेश सरकार में मंत्री बनाया हुआ तो फिर गाजियाबाद से ब्राह्मण चेहरे को टिकट देने की क्या जरूरत थी। ये सीट राजपूत समाज को देनी चाहिए थी। श्री रावल ने कहा कि अब गाजियाबाद का अध्यक्ष पद ठाकुर समाज के चेहरे को मिलना चाहिए अगर ऐसा नहीं हुआ तो समाज के लोग सड़कों पर उतर अपना विरोध जाहिर करेंगे।

### मंच पर नहीं, कार्यक्रम में नजर आए भाजपा से जुड़े क्षत्रिय चेहरे



**करंट क्राइम।** समाज के साथ खड़े होने की बात आई तो यहां पर भाजपा से जुड़े क्षत्रिय समाज के चेहरे भी पीछे नहीं रहे। इन चेहरों ने भले ही मंच साझा नहीं किया मगर खामोशी से ये सब प्रेसवार्ता का हिस्सा रहे। भाजपा महानगर उपाध्यक्ष रनिता सिंह, भाजपा महानगर उपाध्यक्ष चमन चौहान, पार्षद सरदार सिंह भाटी, पार्षद कालीचरण पहलवान पूरी वार्ता के दौरान मौजूद रहे। उनकी उपस्थिति उनकी सहमति का संदेश दे रही थी।

# दिल्ली वालों को मिलेगा 24 घंटे साफ पानी : केजरीवाल

## पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि राजेंद्र नगर की एक कॉलोनी में 24 घंटे पानी की सप्लाई शुरू

**नई दिल्ली।** दिल्ली में विधानसभा चुनाव नजदीक हैं। आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल लगातार दिल्ली के लोगों के लिए बड़ी-बड़ी चुनावी घोषणाएं कर रहे हैं। एक बार फिर अरविंद केजरील ने एक और चुनावी वादा किया है। केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली में हम 24 घंटे साफ पानी देंगे। प्लांट लगाकर अमोनिया को हटाएंगे। वहीं ढाई हजार ट्यूबवेल लगाएंगे।

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि राजेंद्र नगर विधानसभा की एक कॉलोनी में मंगलवार से 24 घंटे पानी की सप्लाई शुरू हो रही है। इसे जल्द ही पूरी दिल्ली में शुरू किया जाएगा। इससे पहले भी केजरीवाल ने तीन बड़ी घोषणाएं की हैं।

बूस्टर पंपिंग स्टेशन के उद्घाटन के बाद अरविंद केजरीवाल और दिल्ली की सीएम आतिशी ने राजेंद्र नगर के पांडव नगर स्थित डीडीए फ्लैट्स के स्थानीय आवास पर पहुंचे। जहां पर पानी की गुणवत्ता जांचने के लिए अरविंद केजरीवाल ने सीधे नल से पानी पिया और कहा कि ये पानी साफ है।

बीते मंगलवार को दिल्ली में अरविंद केजरीवाल ने महिला सम्मान योजना और संजीवनी योजना के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू कर दिए। मुख्यमंत्री आतिशी और आप संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को पूर्वी किदवई नगर से महिला सम्मान राशि योजना के लिए पंजीकरण का आगाज किया। योजना में महिलाओं को 2,100 रुपये प्रतिमाह दिए जाएंगे। इसी तरह, 60 साल से ऊपर के बुजुर्गों के मुफ्त इलाज की संजीवनी योजना के रजिस्ट्रेशन भी जंगपुरा से शुरू हो गए।




**डॉ. आंबेडकर सम्मान स्कॉलरशिप योजना का एलान :** आम आदमी पार्टी (आप) ने दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले दलित समाज के लिए बड़ी घोषणा की। आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने डॉ. आंबेडकर सम्मान स्कॉलरशिप योजना का एलान किया था। इससे पहले भी आप कई लोकलुभावन योजना की घोषणा कर चुकी है। जिसमें बुजुर्गों के लिए संजीवनी योजना और ऑटोवालों को पांच बड़ी गारंटी, महिला सम्मान योजना आदि शामिल हैं।

**बुजुर्गों को मिला संजीवनी योजना का कवच :** संजीवनी योजना के तहत पंजीकरण कराने वाले बुजुर्गों को मुफ्त इलाज कराने का एक और सुरक्षा कवच मिल गया है। पूर्व उप-मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और मुख्यमंत्री आतिशी के साथ आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने जंगपुरा विधानसभा में बुजुर्गों का पंजीकरण कर इसकी शुरूआत की। केजरीवाल ने कहा कि संजीवनी योजना के तहत 60 साल से ऊपर के बुजुर्गों के इलाज का सारा खर्चा दिल्ली सरकार उठाएगी। महिला सम्मान राशि और संजीवनी योजना को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह है। केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली में बड़ी संख्या में बुजुर्ग हैं। जितने लोग रजिस्ट्रेशन करेंगे, उन सभी को इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार के अस्पतालों सारा इलाज मुफ्त है, लेकिन संजीवनी योजना के तहत बुजुर्ग अपना इलाज मुफ्त में निजी अस्पतालों में भी करा सकते हैं।

### ऑटो चालकों के लिए पांच बड़ी गारंटियां

- हर चालक का 10 लाख तक का बीमा और 5 लाख का इंश्योरेंस
- बेटी की शादी में 1 लाख की सहायता
- वर्दी के लिए साल में 2 बार 2500 रुपये
- बच्चों को कॉम्पिटिशन के एग्जाम की तैयारी के लिए कोचिंग का खर्च सरकार उठाएगी
- पूछो ऐप फिर से चालू होगा

**महिला सम्मान योजना :** अरविंद केजरीवाल ने महिलाओं के लिए महिला सम्मान योजना की घोषणा की थी। इस योजना के तहत पात्र महिलाओं के खाते में हर महीने सरकार एक हजार रुपये भेजेगी। वहीं, केजरीवाल ने चुनाव के बाद महिलाओं को एक हजार की जगह 2100 रुपये देने की भी बात कही। केजरीवाल का दावा है कि दोबारा आप की सरकार बनने पर यह राशि 2100 रुपये कर दी जाएगी। अरविंद केजरीवाल के मुताबिक, हर महिला के अकाउंट हर महीने कुछ पैसे डलवाने का वादा बीते मार्च में किया था। 18 वर्ष से अधिक उम्र की हर महिला को योजना का लाभ मिलेगा। इसके लिए महिलाओं को रजिस्ट्रेशन करना होगा। जो महिलाएं रजिस्ट्रेशन करेंगी उनके अकाउंट में हर महीने पैसे आने शुरू हो जाएंगे।

# संभव में नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने सुनी जन समस्याएं

## प्राप्त हुए 20 संदर्भ, अधिकारियों की लगाई क्लास

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम मुख्यालय में संभव जनसुनवाई का आयोजन हुआ संभव के दौरान 20 संदर्भ प्राप्त हुए अधिकांश संदर्भ प्रकाश तथा अवैध अतिक्रमण के प्राप्त हुए जिसका तत्काल संज्ञान लेते हुए नगर आयुक्त द्वारा विभागीय अधिकारियों के साथ-साथ वरिष्ठ प्रभारी की भी क्लास लगाई साथ ही शहर में प्रकाश व्यवस्था को मजबूती देने के लिए स्थलीय निरीक्षण के लिए भी निर्देशित किया गया जोनल प्रभारी भी अपने-अपने क्षेत्र में अंधेरे वाले क्षेत्र को चिन्हित कर तथा क्षेत्रीय पार्षदों से सूचना लेकर अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध एक सप्ताह के भीतर कार्यवाही को रफ्तार दे निर्देश दिए गए। संभव के दौरान कई क्षेत्रीय पार्षद भी नगर आयुक्त से मिले जिनके द्वारा शहर में चल रहे विकास कार्यों को लेकर चर्चा की गई जिसमें निर्माण विभाग द्वारा प्रत्येक वार्ड में निर्माण कार्यों को रफ्तार दी जा रही है सरहाना भी की गई। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग के दो संदर्भ, संपत्ति विभाग का एक संदर्भ, टैक्स विभाग के दो संदर्भ, जलकल विभाग के तीन संदर्भ, उद्यान विभाग का एक संदर्भ, निर्माण विभाग की दो संदर्भ, तथा अन्य संबंधित एक संदर्भ प्राप्त हुआ तत्काल कार्यवाही के निर्देश टीम को दिए गए।




### संभव के संदर्भों पर अविलंब कार्यवाही सुनिश्चित करें अधिकारी : नगर आयुक्त

**करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम महापौर तथा नगर आयुक्त के नेतृत्व में शहर की व्यवस्थाओं को निगम अधिकारी देख रहे हैं जिसमें प्रतिदिन जनसुनवाई करते हुए समस्याओं के समाधान पर प्राथमिकता पर कार्य कराया जा रहा है। इसी क्रम में नगर आयुक्त द्वारा जन समस्याओं पर प्रतिदिन तेजी से कार्यवाही हो टीम को मोटिवेट भी किया। संभव में प्राप्त संदर्भों पर तत्काल कार्यवाही करते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए भी निर्देश दिए। मौके पर अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव, अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार संयुक्त नगर आयुक्त ओमप्रकाश, प्रभारी उद्यान डॉ अनुज, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश, संपत्ति प्रभारी पल्लवी, प्रकाश प्रभारी कामाख्या प्रसाद आनंद, महाप्रबंधक जल वी के मौर्य, व अन्य संबंधित टीम उपस्थित रही।

# 'वरिष्ठ लोगों को महसूस करने दें कि वे आपसे श्रेष्ठ हैं'

## सीनियर सिटीजन को सांसद अतुल गर्ग ने पार्लियामेंट भ्रमण करवाया





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सांसद अतुल गर्ग जब भी कुछ करते हैं हट कर ही करते हैं। अतुल गर्ग ने सीनियर सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन क्रासिंग रिपब्लिक के 32 सदस्यों को मंगलवार को पार्लियामेंट भ्रमण करवाया। 32 सीनियर सिटीजन के दल को सांसद प्रतिनिधि राजेन्द्र मित्तल मेंदी वालों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सभी जाने वालों में एक नया जोश दिखाई दिया। राजेन्द्र मित्तल ने बताया कि इतनी बड़ी संख्या में एक साथ जाना भी गाजियाबाद के इतिहास में पहली बार हुआ है।

सीनियर सिटीजन में अशोक कुमार गुप्ता, सुनील कुमार, अनिल कुमार, अरविंद कुमार, अशोक कुमार श्रीवास्तव, अशोक सिंघानिया, अश्वनी कुमार हांडा, गणेश दत्त शर्मा, गुरुचरण सिंह, हरि शंकर, जय भगवान गौर, जवाहर लाल शर्मा, जगदीश प्रसाद, महेन्द्र सिंह सेंगर, मंतोष शर्मा, प्रदीप नारायण तिवारी, प्रीतम लाल, प्रमोद कुमार गर्ग, प्रेम चंद शर्मा, राम शिरोमणि पाल, राज कुमार, राजेंश कुमार, राजू त्यागी, राम कुमार गुप्ता, सूर्य प्रकाश मिश्रा, सतीश सेठी, श्याम बाबू व विनीत कुमार जैन गए।



# वार्ड 86 राजेंद्र नगर में सीवर की समस्या से परेशान लोग

## पार्षद मदन राय बोले, शिकायत के बाद भी नहीं हो रहा निस्तारण





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वार्ड 86 राजेंद्र नगर सेक्टर पांच के राधे श्याम पार्क बीकानेर के पीछे सर्विस लाइन व महाराजा अग्रसेन पार्क के पास लगातार सीवर ओवरफ्लो समस्या बनी हुई है। सड़क पर पानी भरने से लोगों को आने जाने में परेशानी हो रही है। सीवर ओवरफ्लो से सड़क से निकलना मुश्किल हो गया है। सैर पर जाते समय लोग बदबू से परेशान हैं। कॉलोनी में नियमित सीवर ओवरफ्लो से बीमारी फैलने का डर बना हुआ है। दुर्गंध के कारण लोगों को घर के खिड़की दरवाजे बंद करके रखने पड़ते हैं। समय पर सीवर लाइन की सफाई नहीं होने से ओवरफ्लो हो रहा है। क्षेत्रीय पार्षद मदन राय ने बताया कि अधिकारियों को शिकायत के बाद भी सीवर लाइन की सफाई नहीं की जा रही है। ओवरफ्लो के कारण सड़क पर पानी भरा हुआ है। इससे आस पास के इलाकों में दुर्गंध फैल रही है। सड़क पर पानी भरने से दो पहिया वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। सीवर का पानी भरे रहे है सड़क पर फिसलन बन गई है, जिससे बच्चों व बुजुर्गों को अधिक परेशानी होती है। जेई सोमेन्द्र तोमर का कहना है कि सीवर लाइन जल्द सफाई कराई जाएगी। लोगों की समस्या का जल्द समाधान किया जाएगा।



### सेवा



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। झंडापुर वार्ड 41 के पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय हनुमान के रूप में बंदरों की सेवा करते हैं। बंदरों को चना खिलाना, मूंगफली और केला भी खिलाया जाता है। यह हर मंगलवार को चल रहा है। उनका माना है कि मंगलवार और शनिवार को अर्थात किसी भी दिन बंदरों, गायों और अन्य पशु पक्षियों को भोजन दाना खिलाने से सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं।

# आयकर विभाग ने किया जागरूकता एवं जनसंपर्क अभियान कार्यक्रम का आयोजन

## कार्यक्रम का आयोजन आयकर आयुक्त पुनीत कुमार के निर्देशन में किया

### कार्यक्रम की अध्यक्षता सीता श्रीवास्तव, अपर आयकर आयुक्त गाजियाबाद ने की

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आयकर विभाग द्वारा सोमवार को आयकर जागरूकता एवं जनसंपर्क अभियान कार्यक्रम का आयोजन गाजियाबाद में किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन आयकर आयुक्त पुनीत कुमार के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीता श्रीवास्तव और अपर आयकर आयुक्त ने की। इस कार्यक्रम में आयकर पदाधिकारीगण, आयकर कर्मचारी, सी. ए. एसोसिएशन, गाजियाबाद, बार एसोसिएशन गाजियाबाद एवं अन्य करदाताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में छूट चार्ज में हाल ही में आए बदलावों, रजिस्ट्रेशन एवं प्रत्यक्ष कर विवाद से विश्वास योजना (डीटीवीएसवी) 2024 की प्रक्रिया को विवेकानन्द, आयकर अधिकारी छूट, गाजियाबाद द्वारा विस्तृत रूप से पॉवर प्वाइंट प्रजेंटेशन द्वारा समझाया गया। सी.ए. डा० मनोज जैन द्वारा विवाद से विश्वास एवं विभिन्न विवरणीयो को भरते समय उसने आने वाली तकनीकी कमियों और बरतने वाली सावधानियों के बारे में विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम के दौरान वाद-संवाद द्वारा आयकर छूट से संबंधित प्रावधानों और प्रमुख समस्याओं पर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि सीता श्रीवास्तव, अपर आयकर आयुक्त, छूट ने अपने संबोधन में कहा कि सभी धर्मार्थ एवं शैक्षिक संस्थाएं अपनी 10बी/10बी.बी. की आडिट रिपोर्ट सही-सही और सही समय पर जरूर भरे जिससे अनावश्यक आयकर की माँगों से बचा जा सके और साथ ही उन्होने 2024-25 के केन्द्रीय बजट की घोषणा के तहत अधिसूचित की गई सरकार की योजना प्रत्यक्ष कर विवाद से विश्वास योजना 2024 के बारे में विस्तार से बताया एवं सम्मानित करदाताओं से योजना (विवाद से विश्वास योजना 2024) के माध्यम से अधिक से अधिक संख्या मे लंबित कर विवादों के निपटान हेतु आग्रह किया। कार्यक्रम में वाद-संवाद द्वारा आयकर के विभिन्न प्रावधानों एवं समस्याओं पर चर्चा की गई।




# कौशांबी सेंट्रल पार्क में पूर्व पार्षद मनोज गोयल ने सोलर लाइटों का किया उद्घाटन



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** मंगलवार को कौशांबी सेंट्रल पार्क में क्षेत्रीय पार्षद कुसुम मनोज गोयल द्वारा 15 सोलर से चलने वाली लाइट बैठने के लिए बेंच और पार्क के नियम सभी माने इसके लिए साइन बोर्ड तथापि डस्टबिन लगवाए गए हैं। स्थानीय जनता द्वारा इस कार्य को कराए जाने के लिए पूर्व पार्षद भाजपा नेता डॉ मनोज गोयल का स्वागत किया गया। लाइट लगने से पार्क में काफी रोशनी हो गई है, पार्षद द्वारा बताया गया कि पार्क में चलने के लिए फुटपाथ का रिपेयर कराया गया, घास लगवाई गई। पौधे हरे भरे रहे इसके लिए पानी की व्यवस्था कराई गई, इसके अलावा कौशांबी और वैशाली क्षेत्र में निरंतर विकास के कार्य कराए जा रहे हैं। पार्षद द्वारा योगाचार्य देवराज शर्मा जो पार्क में योग कराते हैं, उनका सम्मान फूल माला पहनाकर किया। क्षेत्र के निवासियों द्वारा क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों की प्रशंसा की गई। इस अवसर पर राकेश जकेतिया, गौरव वर्मा, अशोक परवल, सुनील जैन, पवन गुप्ता, सुनीता, मनीष जैन, प्रेम प्रकाश गोगिया, जुगल अग्रवाल, कमल गुप्ता, राधा रमन चौधरी, नवल किशोर, रविंद्र नागर, मनीष आदि लोग उपस्थित रहे।

# पत्नी ने कर्जा लेने से किया मना, पति ने गला-कान व हाथ पर कैंची से किए वार, गंभीर घायल

**अलीगढ़।** पत्नी ने पति से और कर्ज न लेने और लिए हुए कर्ज को मेहनत कर खत्म करने की बात कही तो वह हैवान बन गया। पति ने कैंची से पत्नी के गला, कान, पीछे गर्दन और दोनों हाथों पर वार कर दिया। पत्नी को गंभीर अवस्था में छोड़कर वहां से फरार हो गया।

अलीगढ़ में थाना रोरावर के जलालपुर में उजाला नामक महिला अपने मायके में रह रही है। पिछले दिनों उसका पति भी उसके साथ मायके में रहा और उसके ऊपर काफी कर्ज करा गया। आज सुबह 6 बजे पति उसे अपने साथ दूसरी जगह किराए के मकान में रहने के लिए बुलाने आया। उजाला ने अपने पति के साथ जाने से मना कर दिया। उजाला ने पति से कहा कि और कर्ज न ले, यहीं आकर रह लो, दोनों मिलकर के मेहनत करेंगे और सारा कर्ज चुका देंगे। इस पर पति आक्रोशित हो गया और कैंची से उसके ऊपर हमला बोल दिया। महिला के गले, कान, पीछे गर्दन और दोनों हाथों में चोटें आई हैं। घटना के बाद आरोपी पति मौके से फरार हो गया। पुलिस ने पीड़िता को जेएन मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया है। अलीगढ़ पुलिस ने एक्स पर ट्विट कर कहा है कि उक्त के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है, थाना प्रभारी रोरावर को जांचकर आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है।



### अलीगढ़ पुलिस ने एक्स पर ट्विट कर कहा है कि उक्त के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है, थाना प्रभारी रोरावर को जांचकर आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है।

# लकड़ी तस्करी : जीप से 24 स्लीपर बरामद, तीन लोगों को किया गिरफ्तार



**चंबा।** जीप में तिरपाल से ढककर देवदार के स्लीपरों की तस्करी करने वाले तीन लोगों को वन विभाग ने दबोचा है। यह कार्रवाई वन परिक्षेत्र अधिकारी मसरूंड और रैपिट रिस्पांस की टीम ने की। टीम ने चंबा-बैरागढ़ मार्ग पर कोटी के पास नाका लगाया था। उसी दौरान एक जीप वहां पहुंची। तलाशी लेने पर उसमें देवदार के 24 स्लीपर बरामद हुए। इन स्लीपरों को लेकर जीप सवार लोगों से परमिट दिखाने को कहा गया। लेकिन, तीनों लकड़ी को लेकर कोई परमिट नहीं दिखा पाए। इसके चलते विभाग ने जहां लकड़ी को अपने कब्जे में लिया तो वहीं जीप में सवार तीनों लोगों को भी हिरासत में लिया। इतना ही नहीं, इस जीप के साथ एक अन्य कार भी जा रही थी। जिसे भी विभाग ने अपने कब्जे में लिया है। नाके पर पकड़े गए देवदार के 24 स्लीपरों की कीमत डेढ़ लाख रुपये बताई जा रही है।

जीप में सवार कुमार पुत्र होशियारू निवासी गांव सुनडका डाकघर भलेई, राहुल शर्मा पुत्र चमारू राम निवासी गांव द्रबु डाकघर लिग्गा और भोटु पुत्र शरीफ मोहम्मद निवासी गांव ब्रंगाल को वन विभाग की टीम ने अपने हिरासत में लिया है। यह तीनों मंगलवार को अदालत में पेश किए जाएंगे।

**संबंध विच्छेद**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपने पुत्र योगेश चौधरी व पुत्री ज्योति चौधरी विवाहित को उनके गलत व्यवहार के कारण अपनी चल -अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर रही हूं भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी नैतिक अनैतिक कार्यों के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होगे मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रार्थिनी श्रीमती रूपन देवी पत्नी स्वर्गीय विनोद चौधरी निवासी-353, जटवाड़ा, थाना-सिहानी गेट, जिला-गाजियाबाद।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...






# इसलिए है नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक की वर्किंग 'बेस्ट' उन चीजों से बना दिया म्यूजिकल पार्क जो हो गई थीं 'वेस्ट'

## राजनगर में 'वेस्ट टू वंडर पार्क' का हुआ शुभारंभ, जनता ने की जमकर तारीफ



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** जिनके पास विजन होते हैं उनके पास फिर कोई रीजन यानी बहाने नहीं होते। ऐसे ही विजन वाले अधिकारी जहां भी जाते हैं वहां अपनी दूर दृष्टि एवं प्रयोगात्मक सोच से विकास की नई परिभाषा लिखते हैं। जो चीजें वेस्ट यानी बेकार होती हैं, जिन्हें डंप करने का विचार बन चुका होता है, ऐसी चीजें जो किसी काम की नहीं बताई जाती उन चीजों को कैसे रिसाइकिल करके ह्यवेस्ट से बेस्टह्ण बनाया जाता है। इसका प्रत्यक्ष संदेश नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह ने राजनगर में ह्यवेस्ट टू वंडरह्ण पार्क का शुभारंभ करके किया। पुराने टायर, रद्दी, टूटे गिलास एवं प्लास्टिक वेस्ट का कैसे बेहतर उपयोग किया जा सकता है, कैसे इन चीजों को रिसाइकिल करके खूबसूरत कलाकृतियां बनाई जा सकती हैं, इसका विजन मंगलवार को पार्षद प्रवीण चौधरी के वार्ड के पार्क में दिखाई दिया।

यहां पर प्लास्टिक वेस्ट से बनी हुई कलाकृतियां देखते ही बन रही थी। पार्क की बेंच, झूले, तबले और क्यारियों की आसपास की सजावट देखते ही बन रही थीं। ये पार्क अब आमजन के लिये खोल दिया गया है। पार्क के उद्घाटन के अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य लोगों और कई पार्षद मौजूद थे। सभी ने नगर आयुक्त और उनकी टीम की काफी प्रशंसा की। सभी ने कहा कि नगर आयुक्त के इस विजन का फैलाव होना चाहिए। राजनगर के अलावा अन्य वार्डों में भी वेस्ट टू वंडर पार्क बनने चाहिए। मौके पर मौजूद पार्षदों का कहना था कि महापौर सुनीता दयाल और नगर आयुक्त के बेहतर तालमेल से शहर कुछ और सुंदर बनने की ओर अग्रसर है।









### देखते ही बन रही थी स्थानीय पार्षद प्रवीण चौधरी के चेहरे पर मुस्कराहट



राजनगर से भाजपा पार्षद प्रवीण चौधरी क्षेत्र के विकास एवं समस्याओं के समाधान को लेकर काफी तत्पर रहते हैं। उनका पूरा प्रयास होता है कि उनका क्षेत्र सुंदर दिखे। सफाई व्यवस्था दुरुस्त रहे। यही वजह है कि उनके क्षेत्र में नगर निगम ने वेस्ट टू वंडर पार्क की स्थापना की। पार्क के उद्घाटन के अवसर पर पार्षद प्रवीण चौधरी के चेहरे की चमक देखते ही बन रही थी। उन्होंने पार्क के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही नगर आयुक्त के विजन की प्रशंसा की।

### भाजपा नेता संजीव गुप्ता ने कहा- काबिले तारीफ है नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के प्रयास



राजनगर के स्थानीय निवासी, समरकूल ग्रुप के चेयरमैन एवं भाजपा नेता संजीव गुप्ता भी पार्क के उद्घाटन अवसर पर अपने पोते के साथ पहुंचे थे। यहां उनके पोते ने झूलों का आनंद लिया। संजीव गुप्ता ने कहा कि नगर आयुक्त ने जिस विजन से इस पार्क को डेवलेप किया है उससे यहां की सुंदरता में चार चांद लग गए हैं। उन्होंने कहा कि नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक की वर्किंग काबिले तारीफ है।



### ये लोग रहे प्रमुखता से मौजूद

ह्यवेस्ट टू वंडरह्ण पार्क के उद्घाटन अवर पर पार्षद मनोज त्यागी, पार्षद अमित त्यागी, अपर नगर आयुक्त अवनेंद्र कुमार, चीफ इंजीनियर एनके चौधरी, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेस, उद्यान प्रभारी डॉ. अनुज सिंह, सक्षम एनजीओ से नमिता शर्मा मौजूद रहीं। इस एनजीओ की ओर से ही क्षेत्र के लोगों को वेस्ट टू वंडर मुहिम से जोड़ा गया है। कार्यक्रम में राजनगर सेक्टर-14के निवासियों एवं पूर्व आरडब्ल्यूए अध्यक्ष दीपककांत गुप्ता, क्रय-विक्रय संघ के अध्यक्ष विरेंद्र सारस्वत सहित स्थानीय निवासी मौजूद रहे। नगर आयुक्त ने



# क्यों है सांसद अतुल गर्ग को लोकसभा नेता के प्रतिपक्ष राहुल गांधी की स्माइल का इंतजार

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** अतुल गर्ग लोकसभा सांसद हैं। उनका लोकसभा में रोल नंबर 415 है। वो लोकसभा में अटेंडेंस लगाते हैं और जहां बात अटेंडेंस के बाद उस प्रेजेंस की हो रही है जिसमें सांसद अतुल गर्ग को एक मुस्कान का इंतजार है।

अतुल गर्ग अपने शब्दों से सामने वाले को कायल करते हैं। वो एक अच्छे शिष्टाचार वाले नेता हैं और हमेशा उनकी वाणी में इस बात का विशेष ध्यान रखा जाता है। लोकसभा सांसद बनने के बाद उन्होंने लोकसभा में अपना पहला संबोधन भी किया और वो लोकसभा क्षेत्र की जनता को लोकसभा के दर्शन भी करा रहे हैं। करंट क्राइम से बातचीत में लोकसभा सांसद अतुल गर्ग उस घटना का जिक्र किया जिसमें एक अटेंडेंस है, जिसमें एक मुस्कराहट है और ये अचानक से घटा किस्सा है। अतुल गर्ग ने करंट क्राइम से बातचीत में बताया कि वो लोकसभा में अभी तक अटेंडेंस के मामले में सेंट परसेंट हैं और फिर वो अटेंडेंस की बात पर फ्लेशबैक में गए। उन्होंने बताया कि एक दिन वो लोकसभा में प्रवेश के लिये अटेंडेंस लगा रहे थे तब अटेंडेंस रजिस्टर पर लग रही थी और वो नए-नए लोकसभा में पहुंचे थे। अतुल गर्ग ने बताया कि जैसे ही उन्होंने हस्ताक्षर करने के लिये पैन उठाया तो देखा कि उनके पीछे लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी खड़े थे। अतुल गर्ग ने नेता प्रतिपक्ष का सम्मान और राजनीतिक शिष्टाचार निभाते हुए उन्हें पहले ऑफर दिया।





**अतुल गर्ग ने करंट क्राइम से बातचीत में बताया कि यह एक सामान्य शिष्टाचार का तकाजा है कि अगर कोई आपको सम्मान दे रहा है तो आभार होता है या आभार जैसी मुस्कराहट होती है, लेकिन यहां ऐसा कुछ भी नहीं हुआ। अतुल गर्ग ने कहा कि मैं आज भी जब इस बात को सोचता हूं तो अक्सर ये सोचता हूं कि नेता प्रतिपक्ष कांग्रेस के सांसद राहुल गांधी आखिर कब मुस्कुराएंगे।**

यहां पहले आप वाली बात हुई और राहुल गांधी ने अटेंडेंस लगाई, लेकिन अतुल गर्ग को ये अजीब लगा कि ना तो उन्होंने कोई अटेंशन दी और ना ही उनके चेहरे पर कोई एक्सप्रेशन आया।

यह एक सामान्य शिष्टाचार का तकाजा है कि अगर कोई आपको सम्मान दे रहा है तो आभार होता है या आभार जैसी मुस्कराहट होती है, लेकिन यहां ऐसा कुछ भी नहीं हुआ। अतुल गर्ग ने कहा कि मैं आज भी जब इस बात को सोचता हूं तो अक्सर ये सोचता हूं कि नेता प्रतिपक्ष कांग्रेस के सांसद राहुल गांधी आखिर कब मुस्कुराएंगे। वो मुस्कराते बहुत कम हैं और मुझे तो ऐसा लग रहा है कि वो तब तक नहीं मुस्कुराएंगे जब तक वो प्रधानमंत्री नहीं बन जाते।

# अगर ना होता विरोध तो आज वसुंधरा में बन जाता अटल चौक

## मूर्ति बनकर है जयपुर में तैयार केवल अनुमति का है इंतजार





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** आज भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म जयंती है। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म जयंती पर वसुंधरा क्षेत्र के लोग उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर रहे होते। बताया जाता है कि यहां अटल चौक का निर्माण होना था। यहां उनकी एक प्रतिमा स्थापित होनी थी, लेकिन कुछ लोगों इसका विरोध किया और उसके बाद ये मामला विवादों में आ गया। क्षेत्र के पूर्व पार्षद महेंद्र चौधरी ने बताया कि वसुंधरा में तीन साल पहले अटल चौक का निर्माण शुरू हुआ था। वह चाहते थे कि यहां अटल जी की विशाल प्रतिमा स्थापित की जाए। इसके लिये लगभग बीस लाख रुपए का खर्चा वह निजी तौर पर कर रहे थे और उन्होंने जयपुर में अटल जी की प्रतिमा बनने के लिये ऑर्डर दिया था। उन्होंने कहा कि यह मूर्ति जब बनकर तैयार हुई तो कुछ लोगों ने यहां मूर्ति स्थापना का विरोध किया और ये काम रुक गया। मुर्ति बनकर तैयार है केवल स्थापित होनी है। उन्होंने कहा कि मेरी कोशिश यही है कि चौक का निर्माण हो और यहां मूर्ति की स्थापना हो। महेंद्र चौधरी ने कहा कि अगर ये विरोध ना होता तो यहां अटल चौक होता।







# 31 दिसंबर से पहले ही आ जाएगी भाजपा के अध्यक्षों वाली लिस्ट

## गाजियाबाद में पांच मंडल हो सकते हैं होल्ड और प्रदेश में 30 महिलाओं को मिलेगी मंडल की कमान

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** जिस मंडल अध्यक्ष चुनाव का जोर-शोर से प्रचार चल रहा था। जिन मंडल चुनावों के लिये चुनाव अधिकारी बनाए गए थे। जिन मंडलों में दावेदारी का दौर चला और आम सहमति की बात हुई। सूत्र बताते हैं कि वो लिस्ट मंगलवार को लखनऊ में फाइनल हो गई। पूरे प्रदेश की लिस्ट तैयार हुई है। सूत्र बता रहे हैं कि मंडल अध्यक्षों की सूची सहारनपुर से बननी शुरू हुई। सभी नाम तैयार हैं और मंडल अध्यक्षों की सूची 31 दिसंबर से पहले घोषित हो जाएगी। भाजपा के सभी छह क्षेत्रों की सूची एकसाथ जारी होगी। पूरी प्रदेश में 1821 मंडल हैं। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 330 मंडल हैं। सूत्र बताते हैं कि यहां 30 महिला कार्यकताओं को मंडल अध्यक्ष बनाया जा रहा है। वहीं बड़ी खबर ये है कि गाजियाबाद में कुछ मंडल होल्ड हो जाएंगे। सूत्र बताते हैं कि 30 में पांच मंडल ऐसे हैं जो होल्ड वाले मोड पर आ गए हैं। इनमें बताया ये जा रहा है कि कुछ मंडलों में आपसी सहमति नहीं बन पाई है। यहां पुनर्विचार होगा। ये मंडल नदिया पार के भी हो सकते हैं और लाइनपार के भी हो सकते हैं। ये मंडल मुरादनगर विधानसभा के भी हो सकते हैं, लेकिन पांच मंडल ऐसे हैं जहां महानगर अध्यक्षों के नाम पर पेंच फंस गया है। बहरहाल नए साल से पहले ही मंडल अध्यक्षों की लिस्ट जारी हो सकती है।

# छेड़खानी के विरोध में लोनी विधायक का ऐलान

## कार्रवाई नहीं हुई तो हम लेंगे एक्शन : नंदकिशोर गुर्जर



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** लोनी विधानसभा से भारतीय जनता पार्टी के विधायक नंदकिशोर गुर्जर थाना अंकुर विहार पहुंचे। वहां उन्होंने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए। विधायक के मुताबिक क्षेत्र में विशेष समुदाय के युवक ने हिंदू महिलाओं और युवतियों का निकलना दूभर कर दिया है। विधायक के साथ स्थानीय महिलाएं भी थीं जिन्होंने भी आरोप लगाए। विधायक के मुताबिक अगर पुलिस कार्रवाई करती तो रात इतनी बड़ी घटना नहीं होती। विधायक का आरोप है कि छेड़छाड़ का विरोध करने पर पथराव हुआ है और तलवारें निकाली गईं हैं।

गाजियाबाद की लोनी विधानसभा से भारतीय जनता पार्टी के विधायक नंदकिशोर गुर्जर थाना अंकुर विहार पहुंचे। वहां उन्होंने पुलिस को अल्टीमेटम देते हुए कहा कि अगर विशेष समुदाय के युवक शाम तक गिरफ्तार नहीं हुए तो वह खुद एक्शन लेंगे। विधायक के साथ काफी संख्या में स्थानीय महिलाएं भी थी। विधायक और महिलाओं ने एक सुर में आरोप लगाया की विशेष समुदाय के युवा हाथ में कलावा बांधकर हिंदू महिलाएं और युवतियों को छेड़ते हैं। विधायक का आरोप है की बीती रात भी इसी तरह से छेड़खानी की गई और विरोध करने पर विशेष समुदाय के लोगों ने पथराव किया और लोगों के साथ मारपीट की।

विधायक का आरोप है कि वहां लोगों ने तलवार निकाल कर भी डराया। विधायक के साथ आई महिलाओं ने विधायक की सभी बातों का समर्थन किया और बताया की मेट्रो स्टेशन और स्कूल के पास विशेष समुदाय के युवकों का जमावड़ा रहता है और वह अश्लील टिप्पणियां करते हैं। जिसके चलते वहां से आना-जाना मुश्किल हो गया है। विधायक ने पुलिस पर आरोप लगाया कि रात पथराव के बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी थी लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की।

## संपादकीय

# जटिल विषय

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने अमरावती में एक कार्यक्रम के दौरान जो कुछ कहा, वह बात हालिया घटनाओं की रोशनी में खासी अहम हो जाती है। उन्होंने कहा कि दुनिया में धर्म के नाम पर जितने भी अन्याय,अत्याचार होते हैं उनके पीछे धर्म की गलत समझ काम कर रही होती है। बीते सप्ताह ही आरएसएस प्रमुख ने यह भी कहा था कि अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण होना अच्छी बात है, लेकिन जगह-जगह मंदिर के विवाद खड़े करना ठीक नहीं है। संघ प्रमुख के इन बयानों के पीछे छिपी गंभीर चिंता को समझे जाने की जरूरत है।

संघ प्रमुख ने बिल्कुल ठीक कहा कि धर्म बड़ा जटिल विषय है और इसे समझने में अक्सर गलती होने की आशंका रहती है। कब धर्म की उदार वृत्ति पर संप्रदाय विशेष की संकीर्ण दृष्टि काबिज हो जाती है और कब धार्मिक समावेशिता को सांप्रदायिक कट्टरता ढक लेती है, यह कई बार समझ में नहीं आता। भारतीय उपमहाद्वीप के संदर्भ में देखा जाए तो बांग्लादेश में हाल के सत्ता परिवर्तन ने कैसे समाज को कट्टरपंथी तत्वों के चंगुल में ला दिया, यह सबके लिए सबक हो सकता है।

ऐसे उदाहरण दुनिया के दूसरे हिस्सों में भी देखने को मिलते हैं। एक धर्म विशेष के नाम पर पिछले कुछ दशकों में दुनिया भर में आतंकवाद का जैसा खौफनाक अभियान चला, उसे उस धर्म की सही समझ का उदाहरण कतई नहीं माना जा सकता। लेकिन संघ प्रमुख की बातें सिर्फ दूसरे देशों के संदर्भ में नहीं कही गई हैं। धर्म की गलत व्याख्या के कारण ह्यसबका साथ, सबका विकासह्ण का अजेंडा पीछे छूटने का खतरा अपने देश में भी कम नहीं है।

इसी खतरे की ओर संकेत करते हुए संघ प्रमुख ने कहा है कि जगह-जगह मंदिर का विवाद खड़ा करना ठीक नहीं है। विविधताएं हमारा वर्तमान तो हैं ही, ये हमारे अतीत का भी हिस्सा रही हैं। अलग-अलग धर्म, संस्कृति से जुड़े लोग यहां आते रहे, शुरूआती मतभेद और कड़वाहट दफन करते हुए विशाल भारतीय संस्कृति में घुलते-मिलते रहे। तभी इन विविधताओं के बीच एकता के मजबूत सूत्र विकसित हुए। देश भर में ऐसे हजारों श्रद्धाकेंद्र हैं जहां एक से अधिक धर्मों के चिह्न, संकेत, सबूत ढूंढे जा सकते हैं। इस आधार पर वर्तमान में विवाद खड़ा करना हमें कहीं नहीं ले जाएगा।

इसी खतरे से बचने के लिए कानून के जरिए यह तय किया गया कि देश की आजादी के वक्त जिस पूजा स्थल का जैसा स्वरूप था, उसे अंतिम मान लिया जाए। अब चाहे जिस किसी भी बहाने से ऐसे विवाद खड़े किए जाएं, वे सामाजिक समरसता के लिए ठीक नहीं होंगे और देश के विकास में बाधा बनेंगे।


# अटल जी ने अपना करियर पत्रकार के रूप में शुरू किया

प्रखर वक्ता सफल राजनेता भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी की पत्रकारिता से लेकर राजनीतिक शिखर तक की यात्रा यूपी के वाराणसी से ही शुरू हुई थी। पत्रकारिता जीवन की तो बुनियाद ही बनारस में पड़ी। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का निधन हो गया है। प्रखर वक्ता सफल राजनेता भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी की पत्रकारिता से लेकर राजनीतिक शिखर तक की यात्रा यूपी के वाराणसी से ही शुरू हुई थी। पत्रकारिता जीवन की तो बुनियाद ही बनारस में पड़ी।

1942 में चेतगंज के हबीबपुरा मोहल्ले से निकलने वाले अखबार समाचार में उन्होंने लिखना शुरू किया था। 1948 में वाराणसी से उन्होंने राष्ट्रीय स्वयं सेवक की पाक्षिक पत्रिका चेतना का प्रकाशन किया और उसके सम्पादक रहे। महात्मा गांधी की हत्या के बाद देशभर में गिरफ्तारी के दौर में अटल जी को छिपने की जगह भी यहीं मिली थी।

पत्रकारिता जीवन की शुरूआत में अटल जी आधे पैसे कीमत वाले अखबार समाचार में लेख, यात्रा संस्मरण और रिपोर्ट लिखा करते थे तो उसके बाद उनका आक्रामक लेखन चेतना में पढ़ने को मिलता था। छह महीने में ही चेतना के प्रकाशन पर रोक के बाद उन्होंने लखनऊ से पत्रिका स्वदेश निकाली, लेकिन ज्यादा समय तक वह भी चल नहीं सकी। बाद में अटल बिहारी वाजपेयी अर्जुन और पांचजन्य के संपादक भी रहे।

अटल जी की पत्रकारिता जीवन की शुरूआत के साथी रहे वयोवृद्ध पन्नालाल गुप्त बताते हैं कि उस दौर में दूध विनायक में रहने वाले आरएसएस से जुड़े डा. राजाराम द्रविड़ का मकान उनका आश्रय स्थल बना था। वहीं से चेतना के प्रकाशन से लेकर जनसंघ की स्थापना के बाद की सारी गतिविधियां संचालित होती रहीं। पन्नालाल आगे बताते हैं, 'बनारस शहर की जीवंतता उन्हें बेहद पसंद थी। लंबे प्रवास के दौरान वे कभी बनारस की गलियों में घूमते तो कभी रिक्शे पर बैठ सैर करते थे। अपने ऊपर खर्च होने वाले पाई-पाई का हिसाब रखने को उन्होंने बकायदा रजिस्टर तैयार कराया था।'



**वाजपेयी जी ने अपना करियर पत्रकार के रूप में शुरू किया था और 1951 में भारतीय जन संघ में शामिल होने के बाद उन्होंने पत्रकारिता छोड़ दी। आज की भारतीय जनता पार्टी को पहले भारती जन संघ के नाम से जाना जाता था जो राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन का अभिन्न अंग है।**

वाराणसी में अटल बिहारी वाजपेयी के बेहद नजदीकी रहे स्वर्गीय राजराम द्रविड़ के साले छायाकार नारायण द्रविड़ बताते हैं कि उनके व्यक्तिव से हर कोई प्रभावित रहा। एआरएसएस पर प्रतिबंध के दौर में दूध विनायक मोहल्ले के एक घर में छिपे अटल जी को उस समय के प्रभावशाली कांग्रेस नेता विरेश्वर अय्यर ने गिरफ्तारी से बचाया था।

नारायण द्रविड़ बताते हैं, 'कोतवाल जब संघी का घर पूछते पहुंचा तो विरेश्वर अय्यर ड्योढी पर खड़े हो गए। कोतवाल के पूछने पर बोले, यहां कोई संघी और अटल नहीं रहता। इतना सुन कोतवाल के वापस लौटते ही अटल जी का चंद मिनटों में ठिकाना बदल गया था।'

### वोट मांगने निकले

जनसंघ की बागडोर संभालने के बाद बनारस में जड़ें मजबूत करने के लिए अटल विहारी वाजपेयी खुद गलियों में वोट मांगने निकले थे। वह समय था 1971 का, जब गढ़वासी टोला मोहल्ला में कार्यकर्ता सम्मेलन करने के बाद पक्का महाल की गलियों में वोट मांगने निकले थे। उनके घूमने का इतना असर पड़ा कि पक्का महाल बीजेपी का गढ़ बन गया।

### बनारस में अंतिम सभा वर्ष 2005 में

राजनीति के शिखर पर पहुंचने से पहले अटल जी ने बनारस में काफी दिन गुजारे तो उसके बाद भी यहां से उनका नाता टूटा नहीं था। आखिरी बार वे 2005 में कृष्णानंद राय की हत्या के बाद 13 दिनों तक चले बीजेपी के धरने में शामिल होने आए थे। कचहरी पर उनकी अंतिम सभा हुई थी। वर्ष 2004 के लोकसभा चुनाव के वक्त बीजेपी प्रत्याशी शंकर प्रसाद जायसवाल के समर्थन में उन्होंने ऐतिहासिक बेनियाबाद मैदान में जनसभा की थी। टाउनहाल में उनकी सभा आज भी बनारस के पुराने लोगों को भूली नहीं है। 1996 में जेपीएस राठौर के अध्यक्ष चुने जाने पर अटल बिहारी वाजपेयी बीएचयू छात्रसंघ का उद्घाटन करने पहुंचे थे।

श्री वाजपेयी जी ने अपना करियर पत्रकार के रूप में शुरू किया था और 1951 में भारतीय जन संघ में शामिल होने के बाद उन्होंने पत्रकारिता छोड़ दी। आज की भारतीय जनता पार्टी को पहले भारती जन संघ के नाम से जाना जाता था जो राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन का अभिन्न अंग है। उन्होंने कई कवितायेँ भी लिखी जिसे समीक्षकों द्वारा सराहा गया। अब भी वह राजनीतिक मामलों से समय निकालकर संगीत सुनने और खाना बनाने जैसे अपने शौक पूरे करते हैं।

श्री वाजपेयी का जन्म 25 दिसंबर, 1924 को मध्य प्रदेश के ग्वालियर में रहने वाले एक विनम्र स्कूल शिक्षक के परिवार में हुआ। निजी जीवन में प्राप्त सफलता उनके राजनीतिक कौशल और भारतीय लोकतंत्र की देन है। पिछले कई दशकों में वह एक ऐसे नेता के रूप में उभरे जो विश्व के प्रति उदारवादी सोच और लोकतांत्रिक आदर्शों के प्रति प्रतिबद्धता को महत्व देते हैं।

महिलाओं के सशक्तिकरण और सामाजिक समानता के समर्थक श्री वाजपेयी भारत को सभी राष्ट्रों के बीच एक दूरदर्शी, विकसित, मजबूत और समृद्ध राष्ट्र के रूप में आगे बढ़ते हुए देखना चाहते हैं। वह ऐसे भारत का प्रतिनिधित्व करते हैं जिस देश की सभ्यता का इतिहास 5000 साल पुराना है और जो अगले हजार वर्षों में आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार है।

उन्हें भारत के प्रति उनके निस्वार्थ समर्पण और पचास से अधिक वर्षों तक देश और समाज की सेवा करने के लिए भारत का दूसरा सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्म विभूषण दिया गया। 1994 में उन्हें भारत का ह्यसर्वश्रेष्ठ सांसदह्ण चुना गया। उद्धरणानुसार :ह्यअपने नाम के ही समान, अटलजी एक प्रतिष्ठित राष्ट्रीय नेता, प्रखर राजनीतिज्ञ, नि:स्वार्थ सामाजिक कार्यकर्ता, सशक्त वक्ता, कवि, साहित्यकार, पत्रकार और बहुआयामी व्यक्तित्व वाले व्यक्ति हैंह्ण। अटलजी जनता की बातों को ध्यान से सुनते हैं और उनकी आकाँक्षाओं को पूरा करने का प्रयास करते हैं। उनके कार्य राष्ट्र के प्रति उनके समर्पण को दिखाते हैं।

## रोचक तथ्यों का करंट

- टाइटन का नम वातावरण, शनि का चंद्रमा इंद्रधनुष के गठन के लिए आदर्श है।
- झरने के निकट और पृथ्वी के उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में इंद्रधनुष आम तौर पर अधिक देखा जाता है।
- कोहरे पर चमकते सूरज की रोशनी द्वारा उत्पादित इंद्रधनुष के समान एक घटना Fogbow कहलाती है।
- पृथ्वी सौर मंडल का एकमात्र ग्रह है जहां इंद्रधनुष संभव है।
- फ्लीज उनकी ऊंचाई से 200 गुना अधिक कूद सकता है। मनुष्य की तुलना में न्यूयॉर्क के एम्पायर स्टेट बिल्डिंग कूदने के समान है।
- महिला कंगारूओं में तीन योनि होती हैं।
- रेनडियर की आंखों की पुतलियाँ सर्दियों में नीले रंग में बदल जाती है, जिससे उन्हें कम रोशनी के स्तर पर देखने में मदद मिलती है।
- एक बिल्ली के प्रत्येक कान में बत्तीस मांसपेशियां होती हैं।
- मधुमक्खियाँ अपने पैरों से स्वाद ले सकती हैं, और माना जाता है कि शहद के पास एक शाश्वत शैल्फ जीवन है।
- कंगारू के पूर्वज पेड़ों में रहते थे। आज यहां आठ अलग-अलग प्रकार के वृक्ष कंगारू हैं।

# पीएम मोदी अर्थशास्त्रियों और विशेषज्ञों से मिले, बजट 2025-26 पर किया विचार-विमर्श

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी बजट के लिए अपने विचार और सुझाव जानने के उद्देश्य से प्रतिष्ठित अर्थशास्त्रियों और विशेषज्ञों से मिले। बैठक में सीतारमण, नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी, नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रमण्यम, मुख्य आर्थिक सलाहकार अनंत नागेश्वरन और सुरजीत भल्ला व डीके जोशी समेत कई जाने-माने अर्थशास्त्री शामिल हुए।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी बजट के लिए अपने विचार और सुझाव जानने के उद्देश्य से प्रतिष्ठित अर्थशास्त्रियों और विशेषज्ञों से मिले। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी, 2025 को लोकसभा में 2025-26 का बजट पेश करेंगी। बैठक में सीतारमण, नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी, नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रमण्यम, मुख्य आर्थिक सलाहकार अनंत नागेश्वरन और सुरजीत भल्ला व डीके जोशी समेत कई जाने-माने अर्थशास्त्री शामिल हुए।

## राशिफल

**मेष:** आराम व मनोरंजन के साधनों पर व्यय होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्ति के योग हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**वृष:** जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार पर व्यय हो सकता है। किसी मामले की चिंता रह सकती है।

**मिथुन:** शारीरिक कष्ट की आशंका है। कार्य में विघ्न हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परीक्षा व साक्षात्कार इत्यादि में सफलता प्राप्त होगी।

**कर्क:** पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।

**सिंह:** व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। खान-पान का ध्यान रखें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। राजमान के योग हैं।

**कन्या:** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।

**तुला:** कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें।

**धनु:** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर:** लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।

**कुंभ:** किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मीन:** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।

## चुटकुले

चीकू- तू स्कूल क्यों नहीं जाता?
मंटू- कई बार गया, वो वापिस भगा देते हैं।
चीकू- क्यों ?
मंटू- कहते हैं तेरा क्या काम लड़कियों के स्कूल में।

---

कर्मचारी- सर कुछ दिनों की छुट्टी चाहिए।
बॉस - छुट्टी एक शर्त पर मिलेगी। ये बताओ कि 'कटप्पा ने बाहुबली को क्यों मारा?'
कर्मचारी- सर हो सकता है बाहुबली ने कटप्पा को छुट्टी नहीं दी हो।
बॉस- कितने दिन की छुट्टी चाहिये?

---

पत्नी (पति से)- तुम मुझे दो ऐसी बातें बोलो जिनमें से एक को सुनकर मैं खुश हो जाऊं। दूसरी को सुनकर नाराज हो जाऊं।
पति- तुम मेरी जिंदगी हो और दूसरी बात लानत है ऐसी जिंदगी पर।




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए Iजी Iएस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार) 8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# अंडर-19 महिला विश्व कप के लिए भारतीय क्रिकेट टीम घोषित

## निकी प्रसाद करेंगी अगुवाई



**मुंबई।** आगामी महिला विश्व कप के लिए भारत की अंडर-19 टीम का ऐलान कर दिया है। 15 सदस्यीय टीम का नेतृत्व निकी प्रसाद करेंगी। भारत मौजूदा अंडर-19 महिला चैंपियन है और इस बार भी खिताब बचाने का प्रयास करेगा। एशिया कप विजेता टीम की कप्तान निकी प्रसाद की अगुवाई में टीम इंडिया अपने अभियान को आगे बढ़ाएगी। निकी की कप्तानी में हाल ही में भारत ने मलेशिया के कुआलालंपुर में पहला अंडर-19 महिला एशिया कप खिताब जीता। दिलचस्प बात यह है कि अंडर-19 महिला विश्व कप भी मलेशिया में 18 जनवरी से 2 फरवरी, 2025 तक आयोजित होगा। 2023 में, शैफाली वर्मा की कप्तानी में भारत ने दक्षिण अफ्रीका में हुए पहले अंडर-19 महिला विश्व कप का खिताब अपने नाम किया था। एशिया कप की विजेता टीम से वैष्णवी एस को मुख्य टीम में शामिल किया गया है, जबकि नंधना एस को रिजर्व खिलाड़ियों में रखा गया है। टीम में सानिका चालके उप-कप्तान होंगी, और कमलिनी व भाविका अहीर को विकेटकीपर के रूप में चुना गया है। टूनामेंट में 4 ग्रुप हैं, और हर ग्रुप में 4 टीमें होंगी। भारत को ग्रुप ए में मेजबान मलेशिया, वेस्टइंडीज और श्रीलंका के साथ रखा गया है। भारत के ग्रुप मैच कुआलालंपुर के बायुएमास ओवल स्टेडियम में खेले जाएंगे। भारत अपना पहला मैच 19 जनवरी को वेस्टइंडीज के खिलाफ खेलेगा। ग्रुप स्टेज के बाद हर ग्रुप से 3 टीमें सुपर सिक्स के लिए क्वालीफाई करेंगी। सुपर सिक्स में 12 टीमों को दो ग्रुप में बांटा जाएगा। ग्रुप 1 में ग्रुप ए और ग्रुप डी की टॉप 3 टीमें होंगी। जबकि ग्रुप 2 में ग्रुप बी और ग्रुप सी की टॉप 3 टीमें शामिल होंगी। सुपर सिक्स में, टीमें अपने पिछले पॉइंट्स, जीत और नेट रन-रेट के साथ आगे बढ़ेंगी। हर टीम सुपर सिक्स में 2 मैच खेलेगी। सुपर सिक्स के दो ग्रुप की शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी, जो 31 जनवरी, 2025 को होंगे। टूनामेंट का फाइनल 2 फरवरी, 2025 को खेला जाएगा।

# विदेशों में रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहे गिल



## पोंटिंग ने बताया तकनीक में करने होंगे सुधार

**दुबई।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना है कि भारतीय ओपनर शुभमन गिल का विदेशी पिचों पर प्रदर्शन उतना अच्छा नहीं है जितना घरेलू मैदान पर। लेकिन पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान को लगता है कि गिल अपनी बल्लेबाजी शैली में कुछ छोटे बदलाव करके ऑस्ट्रेलिया में बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं। शुभमन गिल ने इंग्लैंड, बांग्लादेश, वेस्टइंडीज, दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया में खेले गए 9 टेस्ट मैचों में केवल 23.8 की औसत से रन बनाए हैं। वहीं, इसी अवधि में उन्होंने भारत में 17 टेस्ट मैचों में 42.03 की औसत से 1177 रन बनाए हैं, जिसमें 4 शतक शामिल हैं।

पोंटिंग ने आईसीसी रिव्यू में कहा, मुझे गिल को खेलते हुए देखना बहुत पसंद है। जब वह अच्छे फॉर्म में होते हैं, तो वह दुनिया के किसी भी बेहतरीन बल्लेबाज की तरह लगते हैं। लेकिन विदेशी मैदानों पर उनके आंकड़े उतने प्रभावशाली नहीं हैं। 2021 में गाबा टेस्ट में गिल ने 91 रनों की शानदार पारी खेली थी, जिससे भारत ने ऐतिहासिक श्रृंखला जीत दर्ज की थी। लेकिन उसके बाद से उन्होंने विदेश में सिर्फ एक टेस्ट शतक लगाया है, जो 2022 में बांग्लादेश के खिलाफ आया था। पर्थ में चोट के कारण पहले मैच से बाहर होने के बाद गिल ने एडिलेड में 31 और 28 रन बनाए, लेकिन ब्रिस्बेन में केवल 1 रन पर आउट हो गए। पोंटिंग का कहना है कि गिल शायद अपनी बल्लेबाजी को जरूरत से ज्यादा जटिल बना रहे हैं। उन्होंने कहा, मैंने उन्हें एडिलेड में खेलते देखा, और ऐसा लगा कि उन्होंने अपनी तकनीक में जरूरत से ज्यादा बदलाव कर लिए। स्कॉट बोलैंड की गेंदबाजी के दौरान उन्होंने अपनी क्रीज पर स्थिति बदली, ऑफ स्टंप के पास जाकर फ्रंट पैड दिखाया, और बोलैंड ने उन्हें सीधी फुल लेंथ की गेंद पर आउट कर दिया। हालांकि, पोंटिंग का मानना है कि गिल को बड़े बदलाव करने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा, ₹गिल को अपनी बल्लेबाजी पर भरोसा करने की जरूरत है। खासकर अपनी डिफेंसिव तकनीक पर। ऑस्ट्रेलिया में उन्हें अपनी शैली में थोड़ा और आत्मविश्वास लाना होगा और रन बनाने का तरीका ढूंढना होगा। उन्होंने कहा, जब वह घरेलू मैदान पर या जहां भी रन बनाते हैं, तो वह आत्मविश्वास के साथ आक्रामक अंदाज में खेलते हैं। वह सिर्फ रन बनाने के बारे में सोचते हैं, आउट होने की चिंता नहीं करते। अगर वह मेलबर्न में इसी मानसिकता और आत्मविश्वास के साथ खेलते हैं, तो उनके प्रदर्शन में सुधार हो सकता है। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का चौथा टेस्ट मैच मेलबर्न में बॉक्सिंग डे से शुरू होगा।



# पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट से पहले रावलपिंडी में प्रैक्टिस मैच खेलेगी वेस्टइंडीज टीम



**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने बताया कि वेस्टइंडीज की टीम 6 जनवरी को इस्लामाबाद पहुंचेगी। इसके बाद 10-12 जनवरी के बीच रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम में पाकिस्तान शाहींस के खिलाफ तीन दिवसीय मैच खेलेगी। फिर मुल्तान में पाकिस्तान के साथ लगातार दो टेस्ट मैच खेले जाएंगे। पहला टेस्ट 17 से 21 जनवरी तक और दूसरा टेस्ट 25 से 29 जनवरी तक होगा। वेस्टइंडीज टीम 19 साल बाद टेस्ट सीरीज के लिए पाकिस्तान आ रही है। इससे पहले नवंबर 2006 में उसने पाकिस्तान में तीन टेस्ट मैच खेले थे। हालांकि, वेस्टइंडीज ने अप्रैल 2018 से अब तक तीन बार पाकिस्तान का दौरा किया है - एकदिवसीय सीरीज के लिए जून 2022 में और दो बार टी20 सीरीज के लिए अप्रैल 2018 व दिसंबर 2021 में। जनवरी की दो टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए 15 खिलाड़ियों की वेस्टइंडीज टीम में बल्लेबाज आमिर जांगू शामिल हैं। उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ अपने वनडे डेब्यू में 104 रनों की नाबाद पारी खेली थी और घरेलू क्रिकेट में भी अच्छा प्रदर्शन किया है। स्पिनर गुडाकेश मोती भी टीम में वापसी कर रहे हैं, जो हाल ही में बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज से बाहर थे। शमार जोसेफ चोटिल होने के कारण बाहर हैं, जबकि अल्जारी जोसेफ चयन के लिए उपलब्ध नहीं थे। यह सीरीज दोनों टीमों के लिए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप साइकिल का अंतिम चरण है। दोनों टीमें वर्तमान में अंक तालिका के निचले हिस्से में हैं और इसे बेहतर नोट पर समाप्त करना चाहती हैं।

आंद्रे कोली इस सीरीज के लिए टीम के कोच होंगे, जबकि डैरेन सैमी जून से वेस्टइंडीज टेस्ट टीम की कोचिंग संभालेंगे। वेस्टइंडीज टेस्ट टीम- क्रेग ब्रैथवेट (कप्तान), जोशुआ डा सिल्वा, एलेक अथानेज, केसी कार्टी, जस्टिन ग्रिव्स, कावे हॉज, टेवन इमलाच, आमिर जांगू, मिकाइल लुइस, गुडाकेश मोती, एंडरसन फिलिप, केमार रोच, केविन सिनक्लेयर, जेडन सील्स, जॉमेल वारिकन।

# संन्यास के बाद दबाव से मुक्त हुए अश्विन अगले कुछ वर्षों में काफी कुछ करने के लिए तैयार

**नई दिल्ली।** आर अश्विन अगले कुछ वर्षों में क्रिकेट के मैदान पर और भी बहुत कुछ करने की तैयारी में है। इस 38 वर्षीय खिलाड़ी ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तीसरे टेस्ट के बाद संन्यास की घोषणा करके क्रिकेट जगत को चौंका दिया था। वह अगले दिन चेन्नई स्थित अपने घर वापस आ गए जहां लोगों ने उनका जबरदस्त स्वागत किया। भारतीय क्रिकेटर होने के दबाव से निपटने के बाद आर अश्विन अगले कुछ वर्षों में क्रिकेट के मैदान पर और भी बहुत कुछ करने की तैयारी में है। इस 38 वर्षीय खिलाड़ी ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तीसरे टेस्ट के बाद संन्यास की घोषणा करके क्रिकेट जगत को चौंका दिया था।



वह अगले दिन चेन्नई स्थित अपने घर वापस आ गए जहां लोगों ने उनका जबरदस्त स्वागत किया। स्काई स्पोर्ट्स पर इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल एथरटन और नासिर हुसैन के साथ बातचीत में अश्विन ने कहा कि श्रृंखला के बीच में संन्यास लेने का एक कारण यह था कि उन्हें अपने खेल से रचनात्मक संतुष्टि नहीं मिल रही थी। उन्होंने कहा, जब लोग मुझसे पूछते हैं आगे क्या है? जो एक पंक्ति जो मैंने हमेशा कही है वह यह है कि जिस दिन मैं जागूंगा और महसूस करूंगा कि मेरे काम में रचनात्मकता की कमी है या कोई दिशा नहीं है, तब मैं संभवतः उसे छोड़ दूंगा। उन्होंने कहा, मुझे निश्चित रूप से लगता है कि रचनात्मक पक्ष के मामले में बहुत कुछ तलाशने को नहीं था। आज विश्व क्रिकेट में बहुत कुछ करने की संभावना उपलब्ध हैं। इसलिए मैंने सोचा कि ठीक है अगर यहां नहीं तो मैं कुछ और ढूंढ सकता हूं। टेस्ट क्रिकेट में भारत के लिए दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज ने कहा कि वह क्लब स्तर के क्रिकेट के साथ इंडियन प्रीमियर लीग में खेलना जारी रखेंगे। अश्विन से जब पूछा गया कि टेस्ट क्रिकेट में वह सातवें सबसे सफल गेंदबाज है और यह बात उन्हें कितना सूकून देती है। उन्होंने कहा, ह्यह्यमैं लंबे समय तक सूची में सातवें स्थान पर नहीं रहूंगा। नाथन लियोन मेरे काफी करीब है। आठवें नंबर पर खिसकने की भी खुशी होगी। आखिर में मैं जिस भी नंबर पर रहूं, उसे पाकर खुश हूं।

# रोहित ने किया युवा तिकड़ी को डिफेंड, कहा- पंत, गिल, जायसवाल बनाएंगे बचे हुए दो टेस्ट में रन

**मेलबर्न।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने युवा बल्लेबाजों ऋषभ पंत, शुभमन गिल और यशस्वी जायसवाल को अपना समर्थन दिया है। रोहित का मानना है कि ये बल्लेबाज मौजूदा बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के बाकी बचे दो टेस्ट मैचों में बढ़िया प्रदर्शन करेंगे। गुरुवार से मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर शुरू होने वाले चौथे टेस्ट से पहले, रोहित ने युवा तिकड़ी का बचाव किया। फिलहाल पांच मैचों की श्रृंखला 1-1 से बराबरी पर है।

ओपनर जायसवाल को छोड़कर, विकेटकीपर-बल्लेबाज पंत और दाएं हाथ के गिल ने अभी तक चल रही श्रृंखला में कोई अर्धशतक नहीं बनाया है। जायसवाल ने पहले टेस्ट की दूसरी पारी में पर्थ में 161 रनों की शानदार पारी खेली, जिसमें भारत ने 295 रनों से जीत दर्ज की। हालांकि, उन्होंने अगली चार पारियों में केवल 32 रन जोड़े। दूसरी ओर, पंत ने तीन टेस्ट में केवल 96 रन बनाए हैं, जबकि गिल, जो अंगूठे की चोट के कारण पहले टेस्ट से चूक गए थे, ने चार पारियों में केवल 60 रन बनाए हैं। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल को ध्यान में रखते हुए, रोहित ने युवाओं पर मेलबर्न और सिडनी में खुद को भुनाने की क्षमता पर विश्वास व्यक्त किया। रोहित ने कहा, जैसा की मैंने आपसे कहा कि ये तीनों युवा एक ही नाव में सवार हैं। हमें इनसे ज्यादा कुछ कहकर चीजों को जटिल करने की जरूरत नहीं है। ऋषभ पंत जानते हैं उनको क्या करना है। उनकी खुद से काफी अपेक्षाएं हैं। वह काफी मेहनत कर रहे हैं। उम्मीद है कि वह बाकी दो मैचों में प्रदर्शन करेंगे। रोहित ने बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज जायसवाल के बारे में बात करते हुए कहा कि 22 वर्षीय जायसवाल अपने पहले ऑस्ट्रेलिया दौरे पर हैं। वह अपनी कला के बारे में जानते हैं और उन्हें स्वतंत्र छोड़ना उनके लिए सबसे अच्छा तरीका है। हमारा काम युवाओं को सिर्फ छोटी-मोटी चीजों के बारे में जागरूक करना है। उन्होंने कहा, , जायसवाल पहली बार यहां आ रहे हैं। उन्होंने पहले ही दिखा दिया है कि वह क्या करने में सक्षम हैं। जब आपके पास टीम में ऐसा लड़का हो, तो आप उसके दिमाग से बहुत ज्यादा छेड़छाड़ नहीं करना चाहते। उसे यथासंभव स्वतंत्र रहने दें।



# खेलरत्न के लिए मनु की अवहेलना पर कोच राणा की प्रतिक्रिया

## एनआरएआई और खेल मंत्रालय पर सवाल उठाए

**नई दिल्ली।** राणा ने कहा, 'क्या हर खिलाड़ी को पता है कि कैसे आवेदन करना है। क्या इसका कोई तुक है कि सिर्फ खिलाड़ी ही आवेदन कर सकता है। महासंघ, साइ या मंत्रालय क्यों नहीं।' दो ओलंपिक पदक जीतने वाली निशानेबाज मनु भाकर के कोच जसपाल राणा ने खेल मंत्रालय, भारतीय खेल प्राधिकरण और भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) को ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार के लिए मनु की अनदेखी किए जाने पर निशाना साधा है।



### कोच जसपाल राणा की प्रतिक्रिया

राणा ने कहा, 'मैं उन सभी को जिम्मेदार ठहराऊंगा। कोई कैसे कह सकता है कि मनु ने आवेदन नहीं किया। उन्होंने एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय बनकर इतिहास रचा है। उनका नाम तो अपने आप आना चाहिए। क्या अधिकारियों को पता नहीं है कि मनु भाकर कौन है और उनकी क्या उपलब्धि है। इस अपमान से उनकी प्रगति में बाधा पहुंचेगी।'

### 'कोई शीर्ष खिलाड़ी पुरस्कार के लिए आवेदन क्यों करे?'

उन्होंने यह भी कहा कि पुरस्कार के लिए खिलाड़ियों के सीधे आवेदन करने की अनिवार्यता खेल के हित में नहीं है। मंत्रालय ने कहा कि मनु ने पुरस्कार के लिए आवेदन नहीं किया है, लेकिन उनके पिता रामकिशन भाकर ने कहा कि उन्होंने आवेदन किया है। राणा ने कहा, 'यह हैरानी की बात है। कोई शीर्ष खिलाड़ी पुरस्कार के लिए आवेदन या अनुरोध क्यों करे। उन्हें तो अपने आप पुरस्कार मिलना चाहिए। उनकी अनदेखी कैसे हो सकती है। कोई व्यवस्था तो होनी चाहिए।'

### 'कौन होगा जिम्मेदार?'

उन्होंने कहा, 'क्या हर खिलाड़ी को पता है कि कैसे आवेदन करना है। क्या इसका कोई तुक है कि सिर्फ खिलाड़ी ही आवेदन कर सकता है। महासंघ, साइ या मंत्रालय क्यों नहीं।'

# भारतीय ग्रैंडमास्टर एरिगेसी को मिला अमेरिका का वीजा, विदेश मंत्रालय को दिया धन्यवाद

**नई दिल्ली।** विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज इस भारतीय ने शुक्रवार को अमेरिकी दूतावास से टूनामेंट में भाग लेने के लिए आवश्यक वीजा देने की प्रक्रिया में तेजी लाने की अपील की थी। इस टूनामेंट में मैग्नस कार्लसन, फैबियानो कारूआना, इयान नेपोम्नियाचची और बोरिस गेलफेंड जैसे शीर्ष खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगेसी को न्यूयॉर्क में होने वाले विश्व रैपिड एंड ब्लिट्ज चैंपियनशिप के लिए अमेरिका का वीजा मिल गया है। एरिगेसी ने हाल ही में इस टूनामेंट में खेलने के लिए वीजा मिलने में हो रही दिक्कत को लेकर अमेरिका से गुहार लगाई थी, लेकिन उन्होंने सोमवार को राहत की सांस ली है। यह चैंपियनशिप 26 दिसंबर से होगी।

### कई दिग्गज लेंगे हिस्सा

विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज इस भारतीय ने शुक्रवार को अमेरिकी दूतावास से टूनामेंट में भाग लेने के लिए आवश्यक वीजा देने की प्रक्रिया में तेजी लाने की अपील की थी। इस टूनामेंट में मैग्नस कार्लसन, फैबियानो कारूआना, इयान नेपोम्नियाचची और बोरिस गेलफेंड जैसे शीर्ष खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। विश्व रैपिड और ब्लिट्ज चैंपियनशिप में प्रतिस्पर्धा करने वाले अन्य प्रमुख खिलाड़ियों में हिकारू नाकामुरा, वेस्ले सो, लेवोन एरोनियन, जेफरी जिओंग, लेइनियर डोमिंग्वेज पेरेज, हंस नीमन और सैम शैंकलैंड हैं।

### सोशल मीडिया पर दी जानकारी

एरिगेसी ने इस मुद्दे को उठाने और इस काम में तेजी लाने के लिए भारत स्थित अमेरिका के दूतावास के साथ विदेश मंत्रालय, उद्योगपति आनंद महिंद्रा,



अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ), फिडे और पत्रकारों के साथ शुभचिंतकों को शुक्रिया कहा। एरिगेसी ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा, मुझे अमेरिका का वीजा मिल गया है। मैं अभिभूत हूं और अपनी स्थिति पर इतनी सकारात्मक प्रतिक्रिया मिलने से बहुत आभारी हूं। मुझे उम्मीद है कि आप सभी के साथ हमारे देश को मेरी उपलब्धियों पर गर्व होगा। मैं न्यूयॉर्क आ गया हूं। एरिगेसी ने इससे पहले शुक्रवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर और खेल मंत्री मनसुख मांडविया के साथ एआईसीएफ से सोशल मीडिया के जरिये मदद मांगी थी।



# प्रो कबड्डी दिग्गज अनूप कुमार, अजय ठाकुर मेलबर्न रेड के लिए करेंगे वापसी

**मेलबर्न।** प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) पहली बार ऑस्ट्रेलिया में पीकेएल मेलबर्न रेड इवेंट के जरिए कबड्डी का जादू दिखाने जा रही है। यह ऐतिहासिक आयोजन शनिवार को जॉन केन एरीना में होगा, जो पीकेएल सीजन 11 के फाइनल से एक दिन पहले आयोजित किया जाएगा। इस इवेंट में जबरदस्त कबड्डी मुकाबले देखने को मिलेंगे, जहां चार दमदार टीमें हिस्सा लेंगी। इनमें पीकेएल ऑल स्टार मेवरिक्स, पीकेएल ऑल स्टार मास्टर्स और प्रो कबड्डी ऑल स्टार्स शामिल होंगी, जो भारत के बेहतरीन कबड्डी खिलाड़ियों की टीमें हैं। इनके साथ मुकाबला करेगी ऑस्ट्रेलिया की स्टार-स्टडेड टीम ऑसी रेडर्स। यह अनोखा इवेंट कबड्डी का रोमांच बढ़ाने वाला होगा। अजय ठाकुर, प्रदीप नरवाल, अनूप कुमार, राकेश कुमार, मनिंदर सिंह और सचिन तंवर जैसे दिग्गज खिलाड़ी इस इवेंट में भाग लेंगे। दर्शकों को सीमाओं से परे एक रोमांचक और जबरदस्त मुकाबले की उम्मीद है। पीकेएल लीग कमिश्नर अनुपम गोस्वामी ने कहा, मेलबर्न जैसे विश्व प्रसिद्ध खेल नगर में पीकेएल प्रदर्शन के लिए आमंत्रित होना हमारे लिए गर्व की बात है। पीकेएल मेलबर्न रेड, कबड्डी की बढ़ती लोकप्रियता और इसके वैश्विक स्तर पर पहचान बनाने का प्रतीक है। सीजन 11 की टॉप फेज में यह इवेंट हमारी लीग की ताकत और कबड्डी के विश्व स्तरीय खेल होने का प्रदर्शन करने का शानदार मौका है। पीकेएल मेलबर्न रेड के लिए टीमें: पीकेएल ऑल स्टार मेवरिक्स अजय ठाकुर (रेडर/कैप्टन), दीपक हुडा (रेडर), आदेश (रेडर), राकेश (रेडर), प्रदीप नरवाल (रेडर), नितिन रावल (लेफ्ट कॉर्नर + रेडर), आदित्य पोवार (लेफ्ट कॉर्नर), नितेश कुमार (राइट कॉर्नर), मयूर कदम (राइट कवर), प्रियांक चंदेल (लेफ्ट कवर), नितिन (लेफ्ट कॉर्नर), सचिन (रेडर)।

# तीन वार्डों से कनेक्ट होने वाला गोलपार्क अपनी बदहाली पर बहा रहा आंसू

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वार्ड 83 के राजेंद्र नगर स्थित नगर निगम के पार्कों की बदहाल हालत के कारण लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। लोगों का कहना है कि इन पार्कों के रखरखाव पर नगर निगम ध्यान नहीं दे रहा है। इस कारण आसपास रहने वाले लोग चाहकर भी इन पार्कों का उपयोग नहीं कर पाते और उन्हें इसके लिए दूरदराज के पार्कों में जाना पड़ता है। लोगों के मुताबिक यूं तो राजेंद्र नगर में कई पार्क बने हुए हैं, लेकिन उनमें से ज्यादातर पार्कों के रखरखाव की ओर ध्यान नहीं दिया जाता, वहीं कई ब्लाक के पार्कों की स्थिति तो और भी बदतर है। राजेंद्र नगर गोल पार्क में जहां लोगों के बैठने तक के इंतजाम नहीं हैं, वहीं बच्चों के लिए लगाए गए झूले भी पूरी तरह टूटे हुए हैं। पार्क का ट्रैक चलने लायक नहीं है, आए दिन कोई ना कोई हादसा होता रहता है। किसी के चोट लग जाती है तो किसी का पैर मुड़ जाता है, कोई चलते-चलते गिर जाता है। पार्क में पेड़ों की छंटाई वर्षों से नहीं की गई है और इन पेड़ों की लंबाई पास के फ्लैटों को छूने लगी है। पार्क में रोशनी के भी पुख्ता इंतजाम नहीं हैं। लोगों के मुताबिक कहने को तो इन पार्क की देखरेख के लिए नगर निगम की ओर से एक माली व सुरक्षाकर्मी भी उपलब्ध कराया गया है, लेकिन वे यहां कभी नहीं आते। इससे सबसे ज्यादा दिक्कत बुजुर्गों को उठानी पड़ती है। सोसायटी के पास में पार्क होते हुए भी वे इसका उपयोग नहीं कर पाते हैं। और उन्हें इसके लिए दूरदराज के पार्कों में जाना पड़ता है।






### नगर आयुक्त और महापौर ने दिया आश्वासन जल्द होगा पार्क का विकास कार्य



**करंट क्राइम।** क्षेत्रीय पार्षद कविता प्रवीण भाटी ने बताया कि राजेंद्र नगर स्थित गोल पार्क बड़ा पार्क है, इसके विकास के लिए कई बार नगर आयुक्त, महापौर को पत्र के माध्यम से जानकारी दी है। नगर निगम के अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही पार्क का विकास करने की कोशिश करेंगे। पार्षद ने बताया कि क्षेत्र के लोगों ने कई इस समस्या को लेकर शिकायत की है। इतना बड़ा पार्क और सुविधा कुछ नहीं है।

### गोलपार्क का बड़ी योजना में होगा विकास कार्य : डॉ. अनुज कुमार



**करंट क्राइम।** उद्यान प्रभारी डॉ. अनुज कुमार ने बताया कि राजेंद्र नगर स्थित गोल पार्क बड़ा पार्क है, इसके विकास के लिए बड़ी योजना के तहत विकास करना होगा। हमारी कोशिश रहेगी इस पार्क का विकास जल्द से जल्द हो सके जिससे लोगों को इसका लाभ मिल सके।

### लोग पार्क में डाल जाते हैं कूड़ा : पीयूष



**करंट क्राइम।** न तो पार्क में पानी की व्यवस्था है ना ही बैठने की यहां तक की लोग कूड़ा भी डाल देते हैं। पार्क को नगर निगम द्वारा विकसित किया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री स्वच्छ भारत मिशन के तहत कई योजनाएं चल रही हैं। इस पार्क को भी रखरखाव करके विकसित करना चाहिए। आसपास में इतना बड़ा पार्क नहीं है यह पार्क तीन वार्डों को कनेक्ट करता है।

### अंधेरे का फायदा उठाते हैं असामाजिक तत्व : हरिशंकर गौतम



**करंट क्राइम।** क्षेत्र का गोल पार्क सबसे बड़ा पार्क है लेकिन जितना बड़ा पार्क उतनी ही समस्याओं से भरा हुआ है। आए दिन असामाजिक तत्व इसमें बैठे रहते हैं पार्क में ना तो लाइट की व्यवस्था है, ना ही कोई सुविधा ट्रैक जगह से उखड़ा हुआ है। सुबह को पार्क में लोग सैर करने के लिए आते हैं लेकिन घायल होकर जाते हैं। नगर निगम को इस बारे में कई बार शिकायत भी की है लेकिन अधिकारी कहते हैं कि इसके लिए बजट नहीं है यह बड़ा पार्क है इसके लिए कोई योजना में विकास किया जाएगा।

### शिकायत के बाद नहीं हो रहा है पार्क का विकास : केसी शर्मा



**करंट क्राइम।** नगर निगम की ओर से इन गोलपार्क के रखरखाव की ओर कोई ध्यान नहीं दिया जाता। हम कई बार इसकी शिकायत नगर निगम से कर चुके हैं, लेकिन कोई समाधान नहीं होता। इसकी वजह से हमें सुबह टहलने के लिए दूर के पार्कों में जाना पड़ता है। कई बार इसकी वजह से काफी दिक्कत होती है।

### पार्क का ट्रैक बदहाल, होते हैं हादसे : राकेश शर्मा



**करंट क्राइम।** 2015 में पार्क के विकास का प्रयास किया था, ट्रैक भी बनवाया था। लेकिन इस समय पैदल चलने लायक नहीं है ट्रैक। जगह-जगह से उखड़ा हुआ है, आए दिन कोई ना कोई हादसा होता रहता है लोहे की बेंच भी चोरी हो रही है। गोलपार्क जन कल्याण समिति द्वारा 1,62,000 भी खर्च किया था। लेकिन नगर निगम पार्क की शुद्ध लेने को तैयार नहीं है।




### यहां बनने पर जोर नही हैं लेकिन ना बनने देने पर पूरा जोर है

जब नारे लगाने थे, जब घर से वोट निकलवाने थे, जब बस्ते बूथ की बारी थी तो हम सब देवतुल्य थे। अब जब ताजपोशी की बेला आई है तो फूल वालों की फीलिंग के साथ ही खेला हो रहा है। अब कोई ढिमके विधायक का खास तो कोई सासंद जी का करीबी। बड़ी बात ये है कि अब अलाने जी भाईसाहब से लेकर फलाने जी भाईसाहब की राय का जमाना चला गया है। अब देवतुल्यों को अपनी वफा साबित करनी है। फूल नगरी मे वीटो किसी की यस के लिये नही लग रही है बल्कि किसी के नाम पर नो के लिये लग रही है। कहने वालों की जुबान तो रोकी नही जा सकती है और जुबानों से ही जो बात कानों तक आ रही है वो ये है कि जब उनके विधानसभा के अरमान पूरे नही होने दिये तो महानगर वाले सपने कैसे पूरे हों जायेगें। कमिटमेंट के पक्के विधायक जी एक नाम पर बिग नो कह चुके हैं और भले की कोई भी बन जाये लेकिन उसे तो नही ही बनने देगें।

### ये कौन फ्लॉवर बोला कि जनरल टोला अब उठा ले ही झोला

एक दौर था जब दीदी के पास भी फूल वाले देवतुल्य चुनावी इच्छा के साथ अपना बायोडाटा लेकर पहुंचे थे। आरडीसी का वो वीडियो भी सबको याद होगा जब हैवीवेट से लेकर गुरूजी तक के सामने आरोपो वाली जंग हुई थी और दीदी भी वहीं मौजूद थी। फिर ये कहानी कुछ ऐसी सिमटी कि सियासत से ही साहब की रवानी हो गई। फूल वाले बताते हैं कि उनकी रवानी के बाद यहां कई की सियासत अब बेगानी हो गई है। जिक्र जब उस टोले का हुआ तो केसरिया फ्लावर से बोले बिना नही रहा गया। पहले तो उन्होने खुद पर काफी देर तक किया कंट्रोल और फिर वो पड़े बोल उन्होने कहा कि हमारी बात कर लो आप नोट डाऊन अब जनरल टोला यहां से झोला उठा कर निकल ही ले तो ठीक। एक सिरे से नाम गिना दिये और क्रांसिग से लेकर इंदिरापुरम वाले बता दिये। कह दिया कि वैसे तो इस लिस्ट में इस पार से लेकर उस पार तक कई नाम आते हैं लेकिन अब ये देखना है कि ये नाम अपना कोई नया घर तलाशने कहां जाते हैं।

### फूल वालों के यहां हो रही कांटे से कांटा निकालने की तैयारी

भगवा गढ़ में मडंल से लेकर महानगर तक फूल वाले ही फूल वालों की राह में कांटे बने हुये हैं। और अब सुना है कि फूल वालों के यहां कांटे से कांटा निकालने की तैयारी हो रही है। हमारा कुछ हो ना हो लेकिन उसका कुछ नही हो जाना चाहिये। यहां एक के पीछे एक है ओर गेम काफी रोचक है। आप जिस पॉवर सेंटर की बात कर रहे हैं उससे भी अलग एक तीसरा पॉवर सेंटर बनाने की तैयारी हो रही है। मिनी सासंद भी तो पुरानी खिलाड़ी है और सगंठन का तो उन्हे पुराना अनुभव है। सुना है कि उनके ही शिष्य को लाने की तैयारी हो रही है। बात इन द एयर है और वो ये है कि कांटे से कांटा निकालने की तैयारी हो रही है। हैवीवेट वालों का सरकार के यहां वेट और बढ़ने जा रहा है। सारे फैसले अगर वो दोनो सासंद विधायक ही ले लेगें तो बाकी के कहां जायेगें।

# सुंदरदीप कॉलेज के बीसीए अंतिम वर्ष के छात्रों ने किया कंपनी का दौरा

## सी और पावर बीआई में हैंड्स-ऑन प्रैक्टिस की





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाज़ियाबाद स्थित सुंदरदीप कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी के बीसीए अंतिम वर्ष के छात्रों ने हाल ही में MCN Solution का दौरा किया। इस विजिट का उद्देश्य छात्रों को वास्तविक उद्योग के माहौल से परिचित कराना और उन्हें नई तकनीकों के बारे में गहरे से समझाना था। इस दौरान छात्रों को सी (C) के बुनियादी पहलुओं पर हैंड्स-ऑन प्रैक्टिस करने का अवसर मिला, साथ ही पावर बीआई (Power BI) और पावर ऐप्स (Power Apps) के उपयोग से स्मार्ट सॉल्यूशंस बनाने के बारे में भी जानकारी दी गई। कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों ने छात्रों को "Trnsform Your Career Journey With Us" के विषय में प्रेरित किया।

कार्यक्रम के अंत में छात्रों ने अपनी अनुभवों को साझा किया और इस तरह के औद्योगिक दौरे को अत्यधिक फायदेमंद बताया। छात्रों ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियाँ न केवल उनके तकनीकी ज्ञान को बढ़ाती हैं, बल्कि उन्हें उद्योग की वास्तविक चुनौतियों का सामना करने के लिए भी तैयार करती हैं। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में श्रीमती योगिता कौशिक, अंकित कुमार का विशेष योगदान रहा।

# यशोदा हॉस्पिटल ने किया स्पाइन इंटरवेंशनल पेन मैनेजमेंट वर्कशॉप का आयोजन




**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** यशोदा सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, कौशांबी ने स्पाइन और इंटरवेंशनल पेन मैनेजमेंट पर अपनी 19वीं वर्कशॉप आयोजित की। इस वर्कशॉप का नेतृत्व अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त डॉ. नीरज जैन (एमडी, एफआईएमएसए, एफआईपीपी, सीआईपीपी) एनआईआईएमएस के चेयरमैन डॉ. देवेश कुमार सिंह ने किया। वर्कशॉप का उद्घाटन यशोदा सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, कौशांबी की एमडी, डॉ. उपासना अरोड़ा ने किया।

इसमें दक्षिण-पूर्व एशिया के 15 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों को डायलेक्टिक लेक्चर, मैनकिन सत्र और कैडावर हैंड्स-ऑन मॉड्यूल के जरिए खास प्रशिक्षण दिया गया। नोएडा इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (एनआईआईएमएस) में आयोजित इस वर्कशॉप में 80 एंडोस्कोपिक प्रक्रियाओं का लाइव डेमो भी दिखाया गया। यशोदा सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, कौशांबी के सीएमडी, डॉ. पीएन. अरोड़ा ने कहा कि यह वर्कशॉप स्पाइन और पेन मैनेजमेंट में नवाचार और बेहतर इलाज की दिशा में हमारा कदम है। हमारा विजन एक ऐसा संस्थान स्थापित करना है जो न केवल चिकित्सा विशेषज्ञता को बढ़ाए, बल्कि इस महत्वपूर्ण क्षेत्र में मरीजों की देखभाल को भी नया आयाम दे। इस अवसर पर डॉ. शांतनु मलिक, डॉ. सुनील शर्मा, और सीओओ, डॉ. सुनील डागर मौजूद रहे।

# डॉ. मीनाक्षी भराला ने किया भोजपुर आंगनवाड़ी, वन स्टॉप सेंटर व महिला थाना का निरीक्षण






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग, लखनऊ की सदस्या डा० मीनाक्षी भराला के द्वारा ब्लाक भोजपुर जिला गाजियाबाद में आंगनवाड़ी केन्द्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय सुचेता सिंह, ब्लाक प्रमुख ब्लाक भोजपुर एवं प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी, स्वाति पाठक, मुख्य सेविका सुमन शर्मा उपस्थित रहीं। मा० सदस्या द्वारा पाठशाला पूर्व शिक्षा का निरीक्षण किया, बच्चों से उनके ज्ञान के सम्बन्ध में जानकारी ली गई तथा सुपोषण दिवस में सहभागिता कर मार्गदर्शन दिया गया। अन्नप्राशन, गोदभराई कर उपस्थित लाभार्थी वर्ग को अपना बहुमूल्य समय देकर बच्चों को हॉट कुक फूड वितरण किया गया। इसी क्रम में मीनाक्षी भराला द्वारा जनपद में संचालित वन स्टाप सेंटर, संजयनगर का निरीक्षण कर सेंटर की कार्यप्रणाली के सम्बन्ध में जानकारी ली गई। साथ ही सेंटर मैनेजर को निर्देशित किया।

डा० मीनाक्षी भराला ने विकास भवन में सुनी पीड़ित महिलाओं की समस्याएं, त्वरित व गुणवत्तापूर्वक समाधान कराने के दिए निर्देश पीड़ित महिलाओं की समस्याओं को सहजता के साथ सुनते हुए उनकी समस्याओं का त्वरित व गुणवत्तापूर्वक समाधान करायें। तदोपरान्त विकास भवन स्थित दुर्गावती देवी सभागार में महिला जनसुनवाई की गई, जिसमें अधिकांश शिकायतें पुलिस विभाग से सम्बन्धित थीं। शिकायतों का त्वरित निस्तारण कर, निस्तारण आख्या प्रेषित करना सुनिश्चित करें संबंधित अधिकारीः डा० मीनाक्षी भराला

जनसुनवाई में उपस्थित पुलिस विभाग के प्रतिनिधि एवं थानाध्यक्ष महिला थाना एवं प्रभारी ए०एच०टी०यू० को जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों का त्वरित निस्तारण कर, निस्तारण आख्या प्रेषित करने के निर्देश दिये गये। जनसुनवाई मुख्य रूप से एसीपी श्वेता यादव, डा० राकेश ए०सी०एम०ओ०, वाई० पी० जिला सूचना अधिकारी, सतीश कुमार पाण्डे, ए०डी०आई०ओ०एस०, मनोज कुमार पुष्कर जिला प्रोबेशन अधिकारी एवं सोशल सैक्टर के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के उपरान्त डा. मीनाक्षी भराला द्वारा महिला थाना का निरीक्षण किया गया।

### उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग, लखनऊ की सदस्या डॉ० मीनाक्षी भराला के कार्यक्रम

- 10 :30 बजे पूर्वाह्न भोजपुर आंगनवाड़ी का निरीक्षण।
- 11 :30 वन स्टॉप सेन्टर, संयुक्त चिकित्सालय, संजयनगर का निरीक्षण।
- 12 :00 बजे अपराह्न महिला थाना लोहिया नगर का निरीक्षण।
- 12 :30 बजे कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय नेहरूनगर का निरीक्षण।
- 01 :00 बजे दुर्गावती देवी सभागार विकास भवन, गाजियाबाद में महिला जनसुनवाई।

# कांग्रेसियों ने निकाला भीमराव अंबेडकर सम्मान मार्च

## कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन सौंपकर गृहमंत्री से मांगा इस्तीफा

**हापुड़ (करंट क्राइम)।** गृहमंत्री अमित शाह द्वारा अंबेडकर पर की गई टिप्पणी को लेकर हापुड़ में कांग्रेस कार्यकर्ताओ में आक्रोश है। कांग्रेस ने नगर में भीमराव अंबेडकर सम्मान मार्च निकाला। इस दौरान एक ज्ञापन रउ्ट को सौंपा गया। शहर कांग्रेस अध्यक्ष अभिषेक गोयल ने गृहमंत्री अमित शाह द्वारा संविधान रचयिता डॉ. भीमराव अंबेडकर पर की गई अभद्र टिप्पणी के लिए राष्ट्रपति से मांग करते हुए कहा कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर तत्काल ऐक्शन लेकर उन्हें पद से बर्खास्त करना चाहिए।



### डॉक्टर भीमराव अंबेडकर सम्मान मार्च

पूर्व विधायक गजराज सिंह ने कहा कि देशभर में बहुजन समाज के साथ-साथ कांग्रेस पार्टी के हर कार्यकर्ता में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा अमर्यादित टिप्पणी को लेकर आक्रोश है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर आज समस्त भारत में जनपद और ब्लॉक स्तर पर डॉक्टर भीमराव अंबेडकर सम्मान मार्च निकाला जा रहा है। इस मार्च का उद्देश्य केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा की गई अभद्र टिप्पणी के लिए लोगों के समक्ष उनसे माफी मंगवानी। राष्ट्रपति द्वारा उन्हें तत्काल पद से बर्खास्त करने को लेकर है। कांग्रेसियों ने एक ज्ञापन रउ्ट को सौंपा गया। ये रहे मौजूद : इस दौरान प्रदेश महासचिव/प्रभारी टुक्की मल खटीक, प्रदेश सचिव/प्रभारी पुरुषोत्तम नागर, पूर्व शहर अध्यक्ष दिनेश चंद शर्मा, वरिष्ठ कांग्रेसी/पीसीसी सदस्य अरविंद शर्मा, रघुवीर सिंह एडवोकेट, डॉक्टर शोएब, सरदार हरविंदर सिंह, यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष अब्दुल कादिर, इंद्रराज बांगा, वीसी शर्मा, मुकीम खान, सचिन कुमार, खेमसिंह सहारा, आरडी शर्मा, रामप्रसाद जाटव, नवरत्न त्यागी, इरफान सभासद, विक्की शर्मा मौजूद रहे।

# रेन बसेरा तो बना मगर पहुंच से दूर

## टेम्पो और बस स्टैंड से करीब एक किमी है दूरी, अधिकारियों पर अनदेखी का आरोप






**नोएडा (करंट क्राइम)।** सर्दी का मौसम आने पर ग्रेटर नोएडा के दनकौर नगर पंचायत द्वारा रेन बसेरा की व्यवस्था की गई है। महिला और पुरुष यात्रियों के ठहरने के लिये दो अलग अलग कमरों में व्यवस्था की गई है। दोनों कमरों में तीन पुरुष और तीन महिलाओं के ठहरने की ही व्यवस्था की गई है।

रेन बसेरा को शुरू हुए करीब 10 दिन बीत चुके हैं। लेकिन अभी तक कोई व्यक्ति इसका लाभ लेने नही पहुंचा है। कारण यह है कि यह रेन बसेरा प्रत्येक वर्ष नगर पंचायत परिसर में बनाया जाता है जो कि टेम्पो स्टैंड और बस स्टैंड से करीब एक किमी की दूरी पर है।

आबादी के अंदर बना होने के कारण राहगीरों और यात्रियों को इसकी जानकारी नही हो पाती है। जिसके चलते लगभग प्रत्येक वर्ष रेन बसेरा बनता तो है, लेकिन खाली ही रहता है। लोगों का कहना है कि यदि रेन बसेरा बस स्टैंड और टेम्पो स्टैंड के नजदीक बनाया जाये तो जरूरतमंद लोगों को इसका लाभ मिल सकता है। इस बारे में दनकौर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि दीपक कुमार का कहना है कि रोजाना एक दो व्यक्ति ठहरने के लिए आ जाते हैं। जिनके पहचान पत्र के तौर तक आधार कार्ड आदि की आवश्यकता होती है।

# महिला ने ही चुरवाई थी अपनी कार

## वाहन बेचने से मिलने वाले पैसे और इंश्योरेंस के रुपए हड़पने का था इरादा




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** थाना नंदग्राम पुलिस ने चोरी हुई होंडा सिटी कार बरामद की है। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है। चोर पकड़े जाने पर जो खुलासा हुआ है वह बेहद चौंकाने वाला है। खुद कार की मालकिन ने बदमाशों से कार चोरी कराई थी। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि कार बेचने से जो पैसे मिलते वह आपस में बांट लिए जाते, साथ ही इंश्योरेंस भी मिल जाता। शातिर महिला फिलहाल फरार है। गाजियाबाद में एसीपी नंदग्राम श्वेता यादव ने बताया कि थाना नंदग्राम में दिल्ली की रहने वाली महिला पवित्र त्यागी ने अपनी होंडा सिटी कार की चोरी का मुकदमा दर्ज करवाया था। पुलिस जब इस मामले की छानबीन कर रही थी तो पुलिस को दो आरोपी आकाश त्यागी और गौरव शर्मा पकड़े। आकाश त्यागी, महिला पवित्र त्यागी का रिश्तेदार है। आकाश ने पकड़े जाने पर बताया कि पवित्रा ने एक शादी के दौरान उसे अपनी कार दी थी। साथ ही उससे कहा था कि इसकी डुप्लीकेट चाबी बनवाकर ओरिजिनल चाबी मुझे वापस कर देना। जिससे मैं इंश्योरेंस ले लूं। महिला ने कहा था कि कार चोरी के बाद जब उसे बेचोगे उससे जो पैसा मिलेगा उसको हम आपस में बांट लेंगे। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर होंडा सिटी कार बरामद कर ली है। जबकि इस वारदात में शामिल पंकज त्यागी, सिद्धार्थ और महिला पवित्रा त्यागी फिलहाल फरार है। पकड़े गए दोनों आरोपियों पर कई जिलों में संगीन मुकदमे कायम हैं।

## न्यूज डायरी

### फिलीपींस की मिसाइल तैनाती पर चीन बौखलाया, कहा-बढ़ेगा तनाव

**फिलीपींस।** फिलीपींस द्वारा मध्यम दूरी की मिसाइलों की तैनाती को लेकर चीन बौखला उठा है। उसने कहा, यह योजना एक भड़काऊ कदम होगा, जिससे क्षेत्र में तनाव बढ़ेगा। फिलीपींस के शीर्ष सैन्य अधिकारी लेफ्टिनेंट जनरल रॉय गैलिडो ने सोमवार को मनीला में कहा कि सेना दक्षिण चीन सागर में चीन के साथ तनाव के बीच देश की रक्षा के लिए मध्यम दूरी की मिसाइलें तैनात करने की योजना बना रहा है। चीन शुरू से फिलीपींस को अमेरिकी सैन्य मदद का विरोध करता रहा है, जबकि मिसाइल तैनाती में भी वह साथ होगा। अमेरिका ने अप्रैल में उत्तरी फिलीपीन में अपनी मध्यम दूरी की मिसाइल ह्यटाइफूनह्न तैनात की थी और दोनों देशों के सैनिक भारी हथियारों के उपयोग के लिए साझा प्रशिक्षण ले रहे हैं। चीन ह्यटाइफूनह्न से विशेष रूप से चिंतित है। चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने कहा, फिलीपीन द्वारा हथियार की तैनाती भू-राजनीतिक टकराव व हथियारों की दौड़ तेज करेगी।

### यूरोप को रूसी गैस की बिक्री एक जटिल मामला : क्रेमलिन



**मास्को।** राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और स्लोवाकिया के पीएम रॉबर्ट फिकों में वार्ता के बाद क्रेमलिन ने सोमवार को कहा कि रूसी गैस खरीदने वाले यूरोपीय देशों के साथ स्थिति बेहद जटिल है। इस मामले पर और अधिक ध्यान देना जरूरी है। प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने कहा, वह इस वार्ता की अधिक जानकारी नहीं दे सकते। हालांकि, इस दौरान द्विपक्षीय संबंधों और यूक्रेन युद्ध पर भी चर्चा हुई। फिको ने रविवार को कहा था कि पुतिन ने स्लोवाकिया को गैस की आपूर्ति जारी रखने की रूस की इच्छा की पुष्टि की।

### स्विट्जरलैंड का आश्वासन- भारत संग ईएफटीए समझौते के अमल में नहीं होगी देरी

**स्विट्जरलैंड।** स्विट्जरलैंड ने कहा है कि दोहरे कराधान से बधाव समझौते में सर्वाधिक तरजीही देश (एसएफएन के दर्जे को निलंबित करने के उसके फैसले से भारत और यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) समझौते के अमल में देरी नहीं होगी। स्विस सरकार ने भारत का एमएफएन का दर्जा निलंबित कर दिया है। इससे भारत में स्विस निवेश पर असर पड़ सकता है तथा यूरोपीय देश में कार्यरत भारतीय कंपनियों पर अधिक कर लग सकता है। भारत व नॉर्वे, आइसलैंड, लिकटेंस्टीन और स्विट्जरलैंड के ईएफटीए ने मार्च में समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। इस पर क्रियान्वयन भी होगा।

क्रिसमस बाजार हमले में घायल सभी 7 भारतीयों के संपर्क में है दूतावास बर्लिन स्थित भारतीय दूतावास ने सोमवार को कहा कि वह पिछले सप्ताह जर्मनी के मैगडेबर्ग क्रिसमस बाजार में हुए हमले में घायल हुए सभी सात भारतीयों के संपर्क में है। जर्मनी स्थित भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि हमले में घायल तीन भारतीयों को छुट्टी दे दी गई है, जबकि बाकी का इलाज चल रहा है। मिशन नियमित रूप से उनके संपर्क में है और सक्रिय रूप से अपेक्षित सहायता प्रदान कर रहा है।

### आज छह दिवसीय अमेरिका दौरे पर रवाना होंगे विदेश मंत्री जयशंकर

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर अमेरिका के छह दिवसीय दौरे पर आज रवाना होंगे। डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति चुनाव जीतने के बाद भारत से अमेरिका की पहली उच्च स्तरीय यात्रा होगी। विदेश मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान में बताया कि विदेश मंत्री एस जयशंकर 24 से 29 दिसंबर तक अमेरिका की यात्रा पर रहेंगे। वह द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करने के लिए अपने समकक्षों से मुलाकात करेंगे। साथ ही विदेश मंत्री अमेरिका में भारत के महावाणिज्यदूतों के सम्मेलन की अध्यक्षता भी करेंगे।

### आज पृथ्वी के करीब से गुजरेगा एस्ट्रॉइड, 23,729 किमी है रफ्तार

**नासा।** अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने कहा कि मंगलवार शाम एक एस्ट्रॉइड पृथ्वी के एकदम करीब से गुजरेगा। यह करीब 23,729 किलोमीटर की रफ्तार से आ रहा है। इस दौरान इसके पृथ्वी से टकराने की संभावना है। हालांकि, वैज्ञानिक लगातार इस पर नजर बनाए रखे हैं। नासा ने बताया कि विशाल एस्ट्रॉइड का नाम 2024 एक्सएन1 है। इसकी लंबाई 120 फीट है। यह पृथ्वी से करीब 7,209,861 किमी की दूरी से गुजरेगा। यह चंद्रमा और पृथ्वी के बीच की औसत दूरी का 16 गुना है। नासा के मुताबिक, इस तरह के हानिकारक तो हो सकते हैं, लेकिन इससे सौर मंडल के आयामों को समझने में मदद जरूर मिलती है।

### ऐतिहासिक सांताक्रूज घाट का एक हिस्सा बहा

**यूएन।** प्रशांत महासागर में आए एक शक्तिशाली तूफान में कैलिफोर्निया का ऐतिहासिक सांताक्रूज घाट का एक हिस्सा तबाह हो गया है। हादसे में दो लोग लापता हैं और एक को बचा लिया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, प्रशांत महासागर में आए एक चक्रवाती तूफान के चलते समुद्र में ऊंची लहरें उठीं, जिससे सांताक्रूज घाट का एक हिस्सा तबाह हो गया। तूफान के चलते सांताक्रूज घाट के आसपास रहने वाले लोगों को समुद्र तट पर जाने से मना कर दिया गया है। साथ ही आसपास के होटल्स से पर्यटकों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा गया है।

### हवाई में ज्वालामुखी फटा

हवाई। दुनिया के सबसे सक्रिय ज्वालामुखियों में से एक हवाई के किलाउए ज्वालामुखी में विस्फोट हुआ है, जिसके चलते हवाई में 80 मीटर की ऊंचाई तक लावा हवा में उड़कर जमीन पर फैल गया है। अमेरिका के ज्वालामुखी विभाग ने बताया कि विस्फोट हवाई के कैलडेरा इलाके में रात करीब दो बजे हुआ। यह ज्वालामुखी 1983 से सक्रिय है और समय-समय पर इसमें विस्फोट होते रहते हैं। ज्वालामुखी विस्फोट से निकली गैसें लोगों को नुकसान पहुंचा सकती हैं, इसलिए लोगों के लिए चेतावनी जारी की गई है।

# 'सौदेबाजी का विषय नहीं', ट्रंप के नहर पर कब्जे वाले बयान पर पनामा के राष्ट्रपति का करारा जवाब

**वांशिगटन।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की पनामा नहर पर नियंत्रण वापस लेने के बयान से विवाद खड़ा हो गया है। पनामा के राष्ट्रपति जोस राउल मुलिनो ने इस धारणा को अपने देश की संप्रभुता का अपमान बताते हुए इसे सिरे से खारिज कर दिया। साथ ही कहा कि पनामा कभी भी सौदेबाजी का विषय नहीं होगा। डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को कहा था कि उनका प्रशासन पनामा नहर पर नियंत्रण हासिल करने का प्रयास कर सकता है जिसे अमेरिका ने मूर्खतापूर्ण तरीके से अपने मध्य अमेरिकी सहयोगी को सौंप दिया था। उन्होंने अपनी इस बात के पीछे तर्क दिया कि अटलांटिक और प्रशांत महासागरों को जोड़ने वाली इस अहम नहर से गुजरने के लिए जहाजों से बेवजह शुल्क वसूला जाता है।

### पनामा के राष्ट्रपति ने दिया मुंह तोड़ जवाब

पनामा के राष्ट्रपति मुलिनो ने ट्रंप के बयान को खारिज कर कहा, 'नहर और उसके आसपास का हर वर्ग मीटर पनामा का है और पनामा का ही रहेगा। पनामा के लोगों के कई मुद्दों पर अलग-अलग विचार हो सकते हैं, लेकिन जब हमारी नहर और हमारी संप्रभुता की बात आती है तो हम सभी एकजुट हैं।



इसलिए नहर का नियंत्रण पनामा का है और यह कभी भी सौदेबाजी का विषय नहीं होगा।'

मुलिनों के बयान का समर्थन पूर्व राष्ट्रपतियों अर्नेस्टो पेरेज बल्लाडारेस, मार्टिन टोरिजोस और मिरेया मोस्कोसो ने भी किया। उन्होंने कहा कि हमारे देश और हमारी नहर की संप्रभुता बिकाऊ नहीं है।

उन्होंने आगे कहा कि शुल्कों को मनमाने ढंग से निर्धारित नहीं किया जाता है। उन्होंने कहा कि पनामा ने जहाज यातायात को बढ़ाने के लिए 'अपनी पहल पर' वर्षों से नहर का विस्तार किया है। उन्होंने यह भी कहा कि जहाज यातायात शुल्क में वृद्धि से सुधारों के लिए भुगतान करने में मदद मिलती है।

कोलंबियाई राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने एक्स पर कहा, 'मैं पनामा और उसकी संप्रभुता की रक्षा के पक्ष में रहूंगा। यदि नया अमेरिकी प्रशासन व्यापार पर बात करना चाहता है, तो हम आमने-सामने और अपने लोगों की भलाई के लिए व्यापार पर बात करेंगे, लेकिन हम कभी भी सम्मान और गरिमा पर बातचीत नहीं करेंगे।'

#### पनामा नहर विवादों में क्यों?

यह नहर जलाशयों पर निर्भर है और 2023 में पड़े सूखे से यह काफी प्रभावित हुई थी, जिसके कारण देश को इससे गुजरने वाले जहाजों की संख्या को सीमित करना पड़ा था। इसके अलावा नौकाओं से लिया जाने वाला शुल्क भी बढ़ा दिया गया था। इस वर्ष के बाद के महीनों में मौसम सामान्य होने के साथ नहर पर पारगमन सामान्य हो गया है लेकिन शुल्क में वृद्धि अगले वर्ष भी कायम रहने की उम्मीद है।

### अमेरिका ने पनामा को क्यों सौंपी थी नहर

अमेरिका ने 1900 के दशक की शुरूआत में इस नहर का निर्माण किया था और उसका मकसद अपने तटों के बीच वाणिज्यिक और सैन्य जहाजों के आवागमन को सुविधाजनक बनाना था। अमेरिका ने 1977 में राष्ट्रपति जिमी कार्टर द्वारा हस्ताक्षरित एक संधि के तहत 31 दिसंबर 1999 को जलमार्ग का नियंत्रण पनामा को सौंप दिया था।

## जयशंकर की यात्रा से पहले अमेरिकी राजनयिकों से मिले विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री; वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की



**नई दिल्ली।** भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर की अमेरिका यात्रा से पहले विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने सोमवार को अमेरिकी के शीर्ष राजनयिकों से मुलाकात की। इस अहम बैठक में द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। इससे पहले विदेश मंत्रालय ने बीते दिन ही घोषणा की थी कि जयशंकर 24 से 29 दिसंबर तक अमेरिका की यात्रा पर रहेंगे। इस दौरान जयशंकर अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे और प्रमुख द्विपक्षीय, क्षेत्रीय तथा वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करेंगे।

जयशंकर की यात्रा से पहले मिस्त्री ने सोमवार को विदेश मंत्रालय के मुख्यालय 'फॉगी बॉटम' में उप विदेश मंत्री कर्ट कैंपबेल और प्रबंधन उप-मंत्री रिचर्ड वर्मा के साथ बैठक की। बैठकों में अमेरिका में भारत के राजदूत विनय मोहन क्वात्रा भी मौजूद थे। रिचर्ड वर्मा ने बताया कि हम आपसी विश्वास, साझा मूल्यों और सभी के लिए समृद्धि पर आधारित अमेरिका-भारत संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए तत्पर हैं।

### रिचर्ड वर्मा ने भारतीय थिंक-टैंक विशेषज्ञों के एक समूह की मेजबानी

इससे पहले दिन में रिचर्ड वर्मा ने प्रशासन के अधिकारियों के साथ-साथ प्रख्यात भारतीय थिंक-टैंक विशेषज्ञों के एक समूह की मेजबानी की। उन्होंने कहा कि बैठकें व्यापार, रक्षा, लोगों से लोगों के बीच संबंधों और वैश्विक चुनौतियों से मिलकर निपटने की प्रतिबद्धता पर हमारी प्रगति का जश्न मनाने के लिए थीं।

### द्विपक्षीय व्यापार में रिकॉर्ड बढ़ोतरी

उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार जहां 2000 में 20 अरब अमेरिकी डॉलर था, यह आंकड़ा 2023 में बढ़कर 195 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया है, जबकि इसी अवधि के दौरान रक्षा व्यापार शून्य से बढ़कर 24 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया है। 2024 में द्विपक्षीय व्यापार 200 अरब अमेरिकी डॉलर के आंकड़े को पार कर जाने की उम्मीद है।

### भारतीय छात्रों की संख्या बढ़ी

उन्होंने बताया कि अमेरिका में भारतीय छात्रों की संख्या 2000 में मात्र 54,664 थी, जो 2023 में बढ़कर 3,30,000 से अधिक हो गई है, जबकि भारतीय प्रवासियों की आबादी जहां 2000 में 19 लाख थी, अब बढ़कर 50 लाख से अधिक हो गई है। बाइडन-हैरिस प्रशासन ने रिकॉर्ड संख्या में 130 भारतीय-अमेरिकियों को उच्च पदों पर नियुक्त किया है। उन्होंने कहा कि सैन्य अभ्यास के मुद्दे पर आज भारत, अमेरिका का प्रमुख साझेदार है।

### दो भारतीय वाणिज्य दूतावास खोलने की योजना

उन्होंने कहा कि लॉस एंजिलिस और बोस्टन में दो भारतीय वाणिज्य दूतावास खोलने की योजना है, जबकि अमेरिका बंगलूरू और अहमदाबाद में दो नए वाणिज्य दूतावास खोलने की योजना बना रहा है।

## राजनीतिक विवादों को सुलझाने के लिए तैयार हुई पाकिस्तान सरकार

**इस्लामाबाद।** राजनीतिक विवादों को सुलझाने के लिए पाकिस्तान सरकार अब विपक्षी पार्टी पाकिस्तान तहरीक ए इंसाफ (पीटीआई) के प्रमुख पूर्व पीएम इमरान खान से बातचीत के लिए तैयार हो गई है। पीटीआई से बातचीत के लिए बनी समिति के सदस्य और पाकिस्तान के सीनेटर इरफान सिद्दीकी ने बताया कि सरकार ने पीटीआई की पार्टी प्रमुख इमरान खान से बातचीत मांग मान ली है। इस्लामाबाद की संसद में देश में राजनीतिक तनाव करने के लिए सकारात्मक परिणाम की आस में सरकार और पीटीआई के बीच हो रही बातचीत में इस पर सहमति बनी।

इरफान सिद्दीकी ने कहा कि लोग देश में अराजकता और आर्थिक अस्थिरता की जगह शांति और लोकतांत्रिक मानदंड चाहते हैं। इसलिए यह बातचीत शुरू की गई है। हालांकि सरकार का इमरान खान के खिलाफ चल रहे न्यायिक मामलों से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने कहा कि अगले दौर की बातचीत दो जनवरी को होगी।

## ट्रेन में महिला को जिंदा जलाने का आरोपी अवैध अप्रवासी, पुलिस के खुलासे पर मस्क बोले- वाह

**वाशिंगटन।** अमेरिका के न्यूयॉर्क में सबवे ट्रेन में एक महिला को जिंदा जलाने वाला आरोपी एक अवैध अप्रवासी है। जांच में खुलासा हुआ है कि उसे पहले निर्वासित कर दिया गया था, लेकिन वह फिर से अमेरिका में अवैध रूप से दाखिल हो गया। अरबपति कारोबारी एलन मस्क ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए हैरानी जताई।



### अवैध रूप से अमेरिका में दाखिल हुआ आरोपी

पुलिस ने आरोपी को रविवार को गिरफ्तार किया था। आरोप है कि ग्वाटेमाला के निवासी सेबेस्टियन जेप्टा ने कॉने आइलैंड और स्टिलवैल एवेन्यू के बीच चलने वाली सबवे ट्रेन में एक महिला को जिंदा जला दिया। इस घटना में महिला की मौके पर ही मौत हो गई थी। पुलिस जांच में पता चला है कि जेप्टा को साल 2018 में अमेरिका के एरिजोना में बॉर्डर पुलिस ने अवैध रूप से सीमा पार करते हुए पकड़ा था। इसके बाद जेप्टा को निर्वासित कर दिया गया था, लेकिन वह फिर से अमेरिका में दाखिल हो गया। हालांकि जेप्टा फिर से कैसे और कब अमेरिका पहुंचा, इसका पता नहीं चला है।

जेप्टा के इस खुलासे को लेकर सोशल मीडिया पर काफी कुछ लिखा जा रहा है। ऐसे ही एक सोशल मीडिया पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए एलन मस्क ने लिखा- वाह। दरअसल मस्क अवैध अप्रवासन के विरोधी हैं और राष्ट्रपति चुनाव में अवैध अप्रवासन का मुद्दा खूब गरमाया था। यही वजह है कि मस्क ने जेप्टा के अवैध रूप से अमेरिका में आने के लिए मौजूदा सरकार पर तंज कसा।

जेप्टा पर आरोप है कि उसने लाइटर से महिला के कपड़ों में आग लगा दी, जिससे कुछ ही सेकेंड में जलकर महिला की मौत हो गई। पुलिस अधिकारियों ने इसे किसी इंसान का इंसान के प्रति सबसे घृणित अपराध कहा है। घटना के कुछ घंटे बाद ही जेप्टा को गिरफ्तार कर लिया गया था। पुलिस का कहना है कि जेप्टा की जेब से लाइटर भी बरामद किया गया था। पुलिस ने अभी तक मृतका की पहचान उजागर नहीं की है।

## पूर्व पीएम शेख हसीना की बढ़ी मुश्किल
## रूपपुर परमाणु संयंत्र में पांच अरब डॉलर के गबन की जांच शुरू

**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना लगातार जांच और मुकदमों का सामना कर रही हैं। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अब शेख हसीना और उनके परिवार के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक पैनल ने रूपपुर परमाणु संयंत्र में पांच अरब डॉलर के गबन के आरोपों की जांच शुरू की है। आरोप है कि शेख हसीना, उनके बेटे सजीब वॉजेद जॉय और उनकी भतीजी ट्यूलिप सिद्दीक ने परमाणु संयंत्र में गबन किया। रिपोर्ट में कहा गया कि मामले में हसीना के साथ उनके बेटे सजीब वाजेद जॉय और उनकी भतीजी तथा ब्रिटेन की वित्त मंत्री ट्यूलिप सिद्दीक से भी पूछताछ की गई। बताया जाता है कि यह मामला राष्ट्रीय जनतांत्रिक आंदोलन (एनडीएम) के अध्यक्ष बॉबी हज्जाज भ्रष्टाचार निरोधक आयोग (एसीसी) के सामने लेकर आए थे।

हाल ही में इस मामले में उच्च न्यायालय ने आयोग से पूछा था कि



रूपपुर परमाणु ऊर्जा संयंत्र परियोजना से हसीना, जॉय और ट्यूलिप ने मलेशियाई बैंक को पांच अरब अमेरिकी डॉलर भेजे थे। इस मामले में भ्रष्टाचार निरोधक आयोग (एसीसी) की निष्क्रियता को अवैध क्यों न घोषित किया जाए? रूपपुर परमाणु ऊर्जा संयंत्र बांग्लादेश की राजधानी ढाका से 160 किमी दूर रूपपुर में स्य की कंपनी रोसाटॉम बना रही है। इसके निर्माण में कई भारतीय कंपनिया भी शामिल हैं।

#### 'पांच अगस्त को हसीना को देश छोड़कर जाना पड़ा था'

नौकरियों में विवादास्पद कोटा प्रणाली को लेकर अपनी सरकार के खिलाफ अभूतपूर्व सरकार विरोधी छात्र नेतृत्व वाले विरोध प्रदर्शन के बाद पांच अगस्त को हसीना ने इस्तीफा दे दिया और भारत चली गईं। हसीना के नेतृत्व वाली सरकार को अंतरिम सरकार द्वारा प्रतिस्थापित किया गया और 84 वर्षीय नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस को इसका मुख्य सलाहकार नामित किया गया। अंतरिम सरकार आने के बाद शेख हसीना और उनके पूर्व कैबिनेट मंत्री, सलाहकार, सेना और नागरिक अधिकारियों के खिलाफ मानवता के विरुद्ध अपराध और नरसंहार के लिए गिरफ्तारी वारंट जारी किए।

## तुर्किए में बड़ा हादसा, फैक्ट्री में जोरदार धमाका, कम से कम 12 लोगों की हुई मौत

**तुर्किए।** तुर्किए में एक फैक्ट्री में हुए जोरदार धमाके में कम से कम 12 लोगों की मौत की खबर है। यह धमाका विस्फोटक बनाने वाली फैक्ट्री में हुए। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, तुर्किए के बालीकेसिर प्रांत में स्थित फैक्ट्री में धमाका हुआ। प्रांत के गवर्नर इस्माइल उस्ताउग्लु ने बताया कि विस्फोट बालीकेसिर प्रांत के कारेसी इलाके में स्थित फैक्ट्री में हुआ, जिसमें 12 नागरिकों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हुए।

### धमाके की वजह का अभी खुलासा नहीं

जिस फैक्ट्री में धमाका हुआ, उसका नाम रफएम्युनिशन प्रोडक्शन फैक्ट्री है। अभी धमाके की वजह का खुलासा नहीं हुआ है। हादसे की भयावहता को देखते हुए मृतकों का आंकड़ा बढ़ने की आशंका है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, धमाके के बाद फैक्ट्री की इमारत ढह गई, जिससे कई लोगों की जान गई। जांच एजेंसियों द्वारा हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। घटनास्थल पर राहत और बचाव कार्य जारी है। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



#### तुर्किए ने इस साल विनाशकारी भूकंप भी झेला था

इस साल फरवरी में भी तुर्किए विनाशकारी भूकंप से दहल गया था। छह फरवरी को तुर्किए के गाजियांटेप इलाके में आए भूकंप में 45 हजार से ज्यादा लोग मारे गए थे। इस भूकंप से तुर्किए को करीब 104 अरब डॉलर के आर्थिक नुकसान का अनुमान है। तुर्किए में आया ये भूकंप इस साल की सबसे बड़ी आपदाओं में से एक था। इस भूकंप का असर इतना बड़ा था कि तुर्किए की जमीन भूकंप के झटकों के बाद तीन मीटर खिसक गई।

# बंधकों की रिहाई को लेकर नेतन्याहू का बड़ा दावा, बोले- हमास के साथ आगे बढ़ी बातचीत

**इस्राइल।** इस्राइल और हमास के बीच गाजा में बंधकों की रिहाई को लेकर चल रही वार्ता कुछ आगे बढ़ी है। इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इस बात के संकेत दिए। नेतन्याहू ने कहा कि गाजा में बंधकों की रिहाई को लेकर चल रही वार्ता में कुछ प्रगति हुई है। उन्होंने कहा कि हम जो कुछ कर रहे उसका खुलासा तो नहीं किया जा सकता। मगर मैं बस इतना कहना चाहता हूं कि हम उन्हें वापस लाने के लिए कार्रवाई कर रहे हैं।

इस्राइल के सांसदों को उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि वार्ता में कुछ प्रगति हुई है। हम तब तक काम करना बंद नहीं करेंगे जब तक हम सभी को वापस नहीं ले आते हैं। मैं बंधकों के परिवारों से कहना चाहता हूं कि हम आपके बारे में सोच रहे हैं और हम आपके प्रियजनों को नहीं छोड़ेंगे। हाल ही में दोहा में कतर,



मिस्र और अमेरिका की मध्यस्थता में इस्राइल और हमास के बीच बंधकों की रिहाई को लेकर वार्ता हुई है। मगर बंधकों के परिवार नेतन्याहू की ईमानदारी के प्रयासों पर सवाल उठा रहे हैं। वे इस्राइल के प्रधानमंत्री पर युद्ध विराम प्रस्ताव में बाधा डालने और इसे लंबा खींचने का आरोप लगा रहे हैं।

हमास, इस्लामिक जिहाद और वामपंथी पॉपुलर फ्रंट फॉर द लिबरेशन ऑफ फिलिस्तीन ने भी समझौते को लेकर कहा कि प्रगति हुई है। युद्ध विराम और कैदियों की अदला-बदली के लिए समझौते पर पहुंचने की संभावना पहले से कहीं अधिक निकट है, बशर्ते इस्राइल नई शर्तें थोपना बंद कर दे।

हमास ने बीते साल 7 अक्तूबर को इस्राइल पर बड़ा आतंकी हमला किया था, जिसमें 1200 से ज्यादा लोगों की मौत हुई थी और 250 लोगों को बंधक बना लिया गया था। अभी भी 100 लोग हमास की कैद में हैं। इस हमले के जवाब में इस्राइल ने गाजा पर हवाई और जमीनी हमला किया, जिसमें 45 हजार से ज्यादा लोग मारे गए। हमास का पूरा नेतृत्व खत्म हो चुका है, लेकिन अभी भी इस्राइली बंधक गाजा में कैद हैं, जिन्हें छुड़ाने की कोशिशें जारी हैं।

#### अरब देशों के साथ समझौते करने की तैयारी

इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू इन दिनों अरब देशों के साथ नए शांति समझौते करने की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह अरब देशों के साथ नए शांति समझौते पर हस्ताक्षर करना चाहते हैं। यह अमेरिकी प्रशासन के साथ 2020 में किए गए अब्राहम समझौते जैसा होगा। नेतन्याहू ने कहा कि अरब देश इस्राइल को क्षेत्रीय शक्ति और संभावित सहयोगी मानते हैं। मैं इसका लाभ उठाना चाहता हूं। इसलिए मैं अपने अमेरिकी मित्र देशों के साथ मिलकर मैं अब्राहम समझौते का विस्तार करने की योजना बना रहा हूं। मैं मध्य पूर्व की तस्वीर को और भी नाटकीय रूप से बदलना चाहता हूं। उन्होंने कहा कि इस्राइल सीरिया की सीमा पर आतंकवादी संगठनों को हमारे समुदायों के पास बसने की अनुमति नहीं देगा। यह हमारे अस्तित्व और इस्राइल के लिए लड़ाई है। हमें अपनी सीमाओं की रक्षा करनी होगी।

# मैट गेटज पर ड्रग्स लेने, नाबालिगों का यौन शोषण करने का आरोप, ट्रंप इन्हें बनाने वाले थे अटॉर्नी जनरल

- **कई सांसदों द्वारा उनके नाम पर आपत्ति जताने के बाद ट्रंप ने अपना फैसला बदल दिया था।**

**वाशिंगटन।** अमेरिका के एक पूर्व सांसद मैट गेट्ज पर शारीरिक संबंध बनाने, अवैध रूप से ड्रग्स रखने और नाबालिगों से यौन संबंध बनाने के लिए हजारों डॉलर का भुगतान करने का आरोप लगा है। अमेरिका के निचले सदन के नैतिक समिति ने आरोप लगाए हैं कि साल 2017 में सांसद रहने के दौरान गेट्ज ने नाबालिग लड़की का यौन शोषण किया था। समिति की रिपोर्ट के अनुसार, गेट्ज ने फ्लोरिडा राज्य के कानून का उल्लंघन किया है।

### गेट्ज को अटॉर्नी जनरल बनाने वाले थे ट्रंप

गौरतलब है कि मैट गेट्ज को



नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का करीबी माना जाता है और बीते नवंबर में हुए राष्ट्रपति चुनाव में जीत के बाद ट्रंप, मैट गेट्ज को अपनी सरकार में अटॉर्नी जनरल बनाना चाहते थे। ट्रंप ने इसका सार्वजनिक रूप से एलान भी कर दिया था। हालांकि कई सांसदों द्वारा उनके नाम पर आपत्ति जताने के बाद ट्रंप ने अपना फैसला बदल दिया था। अमेरिकी संसद की समिति ने रिपोर्ट में बताया कि इस बात के पर्याप्त सबूत हैं कि प्रतिनिधि गेट्ज ने वेश्यावृत्ति, दुष्कर्म, अवैध नशीली दवाओं के उपयोग, बतौर सांसद अनुचित उपहार लेने, कांग्रेस के काम में बाधा डालने और आचरण के खिलाफ व्यवहार करने का आरोपी पाया गया है।

### क्या हैं गेट्ज पर आरोप

रिपोर्ट में कहा गया है कि मैट गेट्ज पर आरोप है कि उन्होंने 12 महिलाओं और अपनी एक पूर्व सहयोगी को बड़ी रकम हस्तांतरित की थी। रिपोर्ट के अनुसार, 2017 और 2020 के बीच, गेट्ज ने एक अनाम महिला को 63 हजार डॉलर से अधिक भेजे, जिसकी पहचान उसकी पूर्व प्रेमिका के रूप में हुई। इस महीने की शुरूआत में एक गुप्त मतदान के बाद जारी की गई नैतिक समिति की रिपोर्ट में बताया गया है कि गेट्ज द्वारा कांग्रेस में अपने कार्यकाल के दौरान एक दर्जन से अधिक महिलाओं को विभिन्न माध्यमों से भुगतान किया गया।

समिति ने कहा कि गेट्ज ने बहामास यात्रा के दौरान सदन के उपहार नियमों का उल्लंघन किया। साथ ही कई महिलाओं के साथ शारीरिक संबंध बनाए और उन्हें इसके बदले पैसों का भुगतान किया। गेट्ज पर यात्रा के दौरान अवैध ड्रग्स लेने का भी आरोप है। गेट्ज ने सोमवार को संघीय अदालत में एक शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें उन्होंने तर्क दिया कि कांग्रेस से उनके इस्तीफे के बाद सदन की नैतिकता समिति का अब उन पर अधिकार क्षेत्र नहीं है।

